www.navpradesh.com

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 11 | 2 | देश-विदेश/व्यापार | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | आंचलिक | 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, सोमवार 16 मई 2022, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2079 वर्ष-06 अंक-25 पृष्ठ-08 मूल्य 4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

आज बेबाक

सही बात है। रस्सी जल जाती है लेकिन ऐठन नहीं जाती। झारखंड की एक महिला आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गई है। इसके बाद भी उनकी अकड़ कम नहीं हुई है। नोटो के बिस्तर पर सोने वाली उक्त आईएएस को जब सिर्फएक चादर पर सोना पड़ा और जेल का बेस्वाद खाना मिला तो उनका पारा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। उन्होंने जेल कर्मचारियों की क्लास ले डाली और जमकर फटकार लगा दी। मैडम को जेल में भी वीआईपी ट्रीटमेंट चाहिए। अगर वे बड़ी कुर्सी पर काबिज हुई तो शर्तिया जेलों में वीआईपी बैरक बनवा देगी।

सूर्योदय

उदय : 5.34 प्रात:

अस्त : 7.00 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,946,948,390

भारत: 1,405,786,324

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 50,450 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 59,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.86 प्रति नग

कांग्रेस के डीएनए में इस देश के लोगों से बातचीत करना : राहुल

■ रोजगार पैदा करने वाली रीढ हड्डी को बीजेपी की विचारधारा ने तोड़ दिया

उदयपुर। उदयपुर में चल रहे चिंतन शिविर के तीसरे दिन राहुल गांधी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने चिंतन शिविर के अंतिम दिन नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता। जो युवा हैं उनके पास रोजगार नहीं है। नरेंद्र मोदी जी ने 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। आज जो बेरोजगारी है वो इससे ज्यादा पहले कभी नहीं रही। ये हम नहीं कह रहे,ये उनके आंकड़े हैं, हमारे आंकड़े नहीं हैं। जो रोजगार पैदा करने वाली रीढ हड्डी है उस की रीढ हड्डी को नरेंद्र मोदी ने बीजेपी की विचारधारा ने तोड़ दिया है। जीएसटी, नोटबंदी ये लागू करके पूरा का पूरा फायदा 2-3 उद्योगपतियों को देकर सरकार ने देश के युवाओं का भविष्य नष्ट कर दिया। राहुल गांधी ने कहा, से हमारी पार्टी में आए कई नेताओं ने मुझे बताया कि भाजपा में दलित के तौर पर उनकी कोई जगह नहीं थी। वहां यह बताया जाता है कि क्या बोलना है और क्या नहीं। भाजपा में दलित समाज का अपमान होता है। हम कांग्रेस में बातचीत का मौका देते हैं। हम हर दिन यह काम करते हैं। इसके पीछे एक कारण है। कांग्रेस के डीएनए में है इस देश के लोगों से बातचीत करना । भले ही वो किसी भी जाति, धर्म और जगह के हों।' अक्टूबर में पूरी पार्टी जाएगी जनता के बीच- राहुल गांधी ने ने कहा, हमें बिना कुछ सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए, उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। जनता के साथ हमारा जो कनेक्शन था उसे फिर से बनाना पड़ेगा। जनता जानती है कि कांग्रेस पार्टी ही देश को आगे ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि अक्टूबर महीने में पूरी पार्टी जनता के बीच जाएगी और यात्रा करेगी। जनता के साथ जो रिश्ता कांग्रेस का था उसे फिर से पूरा करेगी। ये शॉर्टकट से नहीं होने वाला है और ये काम पसीना बहाकर ही किया जा सकता है। सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं के भविष्य को नष्ट कर दिया है। एक तरफ बेरोजगारी और दूसरी तरफ महंगाई है। यूक्रेन में युद्ध हुआ है, आने वाले समय में मुद्रा स्फीति पर भी इसका असर होगा।

जनता से कनेक्शन को फिर से बनाना पड़ेगा

राहुल गांधी ने कहा कि हमें बिना सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए जो उनकी समस्या है उसे समझना चाहिए, हमारा जनता के साथ जो कनेक्शन था, उस कनेक्शन को फिर से बनाना पड़ेगा. जनता जानती है कि कांग्रेस पार्टी ही देश को आगे ले जा सकती है. कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि अक्टूबर महीने में पूरी कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाएगी और यात्रा करेगी. जनता के साथ जो रिश्ता कांग्रेस का था उसे फिर से पूरा करेगी. ये शॉर्टकट से नहीं होने वाला है और ये काम पसीना बहाकर ही किया जा सकता है।

हमारी लड़ाई नफरत-हिंसा के खिलाफ है

आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं के भविष्य को नष्ट कर दिया है. नोटबंदी, जीएसटी लाकर मोदी सरकार ने देश को बड़ी चोट दी है. एक तरफ बेरोजगारी दूसरी तरफ महंगाई, यूक्रेन में युद्ध हुआ है आने वाले समय में मुद्रा स्फीति पर इसका असर पड़ेगा. इससे निपटना जरूरी है. राहुल गांधी ने कहा कि देश में जो नफरत और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है, हमारी लड़ाई उसके खिलाफहै. कांग्रेस एक परिवार है. मैं आपके परिवार का हूं. मेरी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी की विचाराधारा है. ये देश के सामने खतरा है. ये नफरत और हिंसा फैलाते हैं. मैं इसके खिलाफ लड़ता हूं और लड़ना चाहता हूं. मेरे लिए ये मेरी जिंदगी की लड़ाई है. मैं ये मानने को तैयार नहीं हूं कि मेरे प्यारे देश में इतनी नफरत और हिंसा फैल सकती है. मेरे खिलाफ बीजेपी, आरएसएस, सारे सरकारी संस्थान हैं. हम इन सबसे लड़ रहे हैं।

अपराधियों को करें नेस्तनाबूत - सीएम चौहान

पुलिस का कार्य जनता के लिये शांति पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करना

कानून-व्यवस्था और जन-कल्याण हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण

आगामी सप्ताह पूरे राज्य में जन-कल्याण के कार्यक्रमों की श्रृंखला

मिशन नगरोदय 17 मई को होगा प्रारंभ

मुख्यमंत्री चौहान ने सुबह-सवेरे बुलाई बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कानून- व्यवस्था और जन-कल्याण सबसे महत्वपूर्ण हैं। यह सरकार की प्राथमिकता है। वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के सभी कमिश्नर्स और पुलिस महानिरीक्षकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक जिले में पूरे समन्वय के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जनता के कल्याण के कार्यों को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज प्रात~ निवास पर आयोजित बैठक में कानून-व्यवस्था से चर्चा प्रारंभ की। उन्होंने कहा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता कानून-व्यवस्था है। पुलिस का कार्य है कि सभी नागरिकों के लिए शांति से जीने की व्यवस्था करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपराधियों को नेस्तनाबूद किया जाए। कोई भी माफिया पनपना नहीं चाहिए। प्रदेश में हजारों एकड़ भूमि माफियाओं से मुक्त करवाई गई हैं। इस भूमि के उपयोग की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि शिकार करने और अवैध शराब का कारोबार शेष पृष्ठ 7 पर

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमंड्स का निधन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स 46 साल के थे। साइमंड्स की कार क्वींसलैंड के टाउन्सविले के पास टकराई साइमंड्स नामी ऑलराउंडर कहलाएं और विवादों में भी रहे क्वींसलैंड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वे 46 साल के थे। साइमंड्स की कार उनके गृह राज्य क्वींसलैंड के टाउन्सविले में टकराई। हादसे के दौरान वे कार में अकेले थे। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद साइमंड्स इसी शहर में रह रहे थे। पुलिस ने उनके मौत की पुष्टि भी की है। विश्व क्रिकेट के बेहतरीन ऑलराउंडर रहे साइमंड्स अपने परफॉर्मेंस के साथ-साथ विवादों की वजह से भी चर्चा रहे। क्वींसलैंड पुलिस ने बताया कि शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर हर्वे रेंज के पास शनिवार देर रात हादसा हुआ। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि साइमंड्स की कार एलिस रिवर के ब्रिज से निकलकर नीचे गिरी वो खुद ही कार चला रहे थे। इमरजेंसी सर्विसेज ने साइमंड्स को बचाने की कोशिश भी की। लेकिन चोट ज्यादा लग जाने की वजह से उनकी मौत हो गई। 46 साल के एंड्रयू साइमंड्स की मौत के बाद क्रिकेट जगत में निराशा छा गई है। पूर्व क्रिकेटरों ने शोक प्रकट किया है।

नरेला की फैक्ट्री में आग, आग बुझाने पहुंचीं 25 गाड़ियां

नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियों ने मुश्किल से आग बुझाई शनिवार से ही ताला लगा था, कोई मजदूर नहीं था अंदर आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नही दिल्ली के नरेला की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में शनिवार रात भीषण आग लग गई। आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियां कई घंटों तक जुटी रहीं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची। पहले फैक्ट्री में कुछ मजदूरों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी, हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है। लाइट नहीं होने की वजह से शनिवार को फैक्ट्री में सुबह से ही ताला लगा हुआ था

समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे भारत-नेपाल रिश्ते और गहरे होंगे : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि नेपाल के साथ भारत के संबंध अद्वितीय हैं और वहां की उनकी यात्रा का उद्देश्य समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे आपसी संबंधों का जश्न मनाना तथा उन्हें और गहरा करना है।

श्री मोदी ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा, नेपाल के साथ हमारे संबंध अद्वितीय हैं। भारत और नेपाल के बीच सभ्यतागत तथा नागरिकों के बीच के संपर्क हमारे घनिष्ठ संबंधों की मजबूत नींव हैं। मेरी यात्रा का उद्देश्य सदियों से समय की कसौटी पर खरे उतरते आ रहे इन संबंधों का जश्न मनाना तथा उन्हें और गहरा करना है। गौरतलब है कि श्री मोदी नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर 16 मई को लुंबिनी जाने वाले हैं। श्री मोदी ने कहा, मैं बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर मायादेवी मंदिर में पूजा करने के लिए उत्साहित हूं। मैं भगवान बुद्ध के पवित्र जन्म स्थल पर श्रद्धा अर्पित करने वाले लाखों भारतीयों के नक्शेकदम पर चलने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। शेष पृष्ठ 7 पर

कांग्रेस के बाद भाजपा का भी 'चिंतन शिविर', अहमदाबाद में तैयार होगा 'गुजरात रण' जीतने का प्लान

अहमदाबाद। उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर समाप्त हो गया है। इस शिविर के अंतिम दिन कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगे की योजना का पूरा खाका सामने रखा और कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ यात्रा शुरू होगी। उधर गुजरात चुनाव और इस बार कुछ नई चुनौतियों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अहमदाबाद में 'चिंतन शिविर' लगाने का फैसला किया है।

सूत्रों का कहना है कि इस महाबैठक में दूसरी पार्टियों से आए नेताओं की जीत के आसार और उनको टिकट देने शेष पृष्ठ 7 पर

अहमदाबाद में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएग

रविवार से अहमदाबाद में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात इनचार्ज और वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव व मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत बड़े नेता शामिल होंगे। गुजरात में छठी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जरूरी नीतियों के लिए यह चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां का चुनाव भाजपा की प्रतिष्ठा का चुनाव है।

भाकियू में दो फाड़, नए संगठन ने राजेश सिंह चौहान को चुना राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरिनाम को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ। किसानों की नाराजगी के चलते भारतीय किसान यूनियन अब दो भागों में बंट गई है। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर राकेश नरेश टिकैत और राकेश टिकैत अलग-थलग पड़ गए हैं। भाकियू के नए संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने रविववार को राजेश सिंह चौहान को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। वहीं हरिनाम सिंह वर्मा को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

बतादें कि रविवार को लखनऊ में आयोजित भाकियू के संस्थापक स्व.चौ.महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राकेश टिकैत की शेष पृष्ठ 7 पर

महेंद्र सिंह टिकैत की बनाई पार्टी में पड़ी दरार

बाबा महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा बनाई गई भाकियू पार्टी में अब दरार पड़ चुकी है। दो दिनों से लखनऊ में कार्यकर्ताओं को समझाने का टिकैत का प्रयास असफल दिखाई दिया है। जानकारी के अनुसार कुछ किसान नेता टिकैत से नाराज चल रहे थे। संगठन की यूपी इकाई के नेतृत्व की नाराजगी की खबर मिलते ही राकेश टिकैत शुक्रवार की रात को ही लखनऊ पहुंच गए थे। चिनहट विकास खण्ड के नौबस्ता कलां गांव में हरिनाम सिंह वर्मा के आवास पर ही वह ठहरे और देर रात तक उनकी असंतुष्ट गुट से समझौता वार्ता होती रही।

दिल्ली में 47 डिग्री के पार हुआ तापमान

नई दिल्ली। अगले 4-5 दिनों तक उत्तर भारत के तमाम राज्यों में चिलचिलाती गर्मी और भीषण लू की आशंका है। मौसम विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में 'भीषण लू' की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 4 और 15 मई को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में अलग-अलग इलाकों में लू और भीषण लू की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसी प्रकार 14 मई को उत्तर प्रदेश में 15 मई को कुछ अलग-अलग भागों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुछ हिस्सों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक इन दिनों तापमान, सामान्य से बहुत अधिक है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ में भीषण लू चल रही है। साथ ही तापमान 40-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है, जो सामान्य तापमान से ऊपर है।

नवनीत का उद्धव पर वार, स्वार्थ के लिए बने मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में अब हिंदुत्व की लड़ाई ने जोर पकड़ लिया है। राज्य में आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। अमरावती की सांसद नवनीत राणा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे दोनों ही लगातार एक दुसरे पर हमला बोल रहे हैं। अब नवनीत राणा ने एक प्रेस कांफ्रेंस की है जिसमें उन्होंने उद्धव सरकार के ऊपर जमकर वार किया है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे स्वार्थ के लिए मुख्यमंत्री बने हैं। सांसद नवनीत राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर जमकर हमला बोला। नवनीत राणा ने कहा कि



उद्धव ठाकरे ने अपनी शनिवार को हुई मुंबई की रैली में ना ही किसानों पर बात की, ना ही लोडशेडिंग पर चर्चा की। ढाई साल तक सीएम घर से बाहर निकले ही नहीं। एक भी दौरा उन्होंने विदर्भ के किसी गांव में किया क्या? बेरोजगारी दूर करने को लेकर कुछ भी नहीं कहा। भाषण में वे बोलते हैं कि हाथों को काम शेष पृष्ठ 7 पर

गरमा-गरम

जलसंकट ... नाले में बहाया लाखों गैलन पानी, चीफ इंजीनियर से भिड़े कांग्रेसियों का विवाद

राजधानी भोपाल में जलसंकट पर छिड़ा संग्राम

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी में पेयजल सप्लाई लाइन की रिपेयरिंग के चलते वाटर सप्लाई शट डाउन है। ऐसे में पूरे शहर में पानी के लिए लोग भटक रहे हैं। इधर पाइपलाइन की सफाई के बहाने लाखों गैलन पानी रिवेरा टाउनशिप के पास नाले में बहाया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान मौके पर पहुंचे और वाटर सप्लाई लाइन का काम करने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारियों की जमकर क्लास ली। थोडी देर बाद वहां नगर निगम के चीफ इंजीनियर जेड वाई खान भी पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं ने जलापूर्ति शुरू कराने की बात की तो निगम कर्मचारियों ने कहा कि पाइपलाइन की वॉशिंग के कारण गंदा पानी आ रहा है। इस बात पर कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान और त्रिी ागम के चीफ इंजीनियर के बीच जमकर बहस हुई।

लोगों के टॉयलेट में पानी नहीं, निगम कर रहा बर्बाद

कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान ने कहा कि लोगों के टॉयलेट में पानी नहीं है। पीने के लिए तो जैसे-तैसे व्यवस्था कर ली लेकिन इस भीषण गर्मी में नहाने और घरेलू उपयोग के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ये नगर निगम के कर्मचारियों ने जलप्रदाय व्यवस्था का मजाक बना दिया है।

भरी दोपहरी में डिब्बे लेकर पानी खोज रहे लोग

शहर में रविवार सुबह से कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई होनी थी लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। शहर के कई इलाकों में लोग पानी के लिए डिब्बे लेकर पानी खोजते दिख रहे हैं। टेंकरों से घरों में पानी मंगाया जा रहा है। राजधानी में गहराए जलसंकट में निजी वाटर सप्लायर्स ने भी जमकर चांदी काटी। ट्रेक्टर टेंकर से पानी सप्लाई करने वाले सप्लायर्स ने एक टेंकर दो से ढाई हजार रूपए में सप्लाई किया।

शेष पृष्ठ 7 पर

मुंडका हादसा: घेवरा इलाके से इमारत का मालिक गिरफ्तार

नई दिल्ली । दिल्ली के मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास बीते शुक्रवार को एक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत और कई अन्य के झुलसने के मामले में पुलिस ने अब उस इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने बताया कि मुंडका इलाके में भीषण अग्निकांड की घटना के तुरंत बाद इमारत का मालिक मनीष लकड़ा फरार हो गया था। श्री शर्मा ने कहा कि मुंडका इलाके के अग्निकांड में बड़ी सफलता मिली है, जिसमें इमारत के फरार मालिक मनीष लकड़ा को बाहरी जिले की

पुलिस टीम ने दिल्ली और हरियाणा में कई बार छापेमारी कर दिल्ली के घेवरा इलाके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि जब लकड़ा को गिरफ्तार किया गया उस समय वह हरिद्वार भागने की फिराक था। डीसीपी ने कहा, उसने अपना फोन तोड़कर कहीं फेंक दिया था, ताकि उसके लोकेशन का पता नहीं लगाया जा सका। अग्निकांड के बाद लकड़ा अपने परिवार के साथ फरार हो गया था। शेष पृष्ठ 7 पर

■ न्यूज गैलरी

त्रिधा चौधरी को मात देंगी ईशा गुप्ता? लोगों को याद आए पुराने बोल्ड सीन्स

मुंबई। आश्रम 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के फैन्स इसको देखकर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। ट्रेलर में नया एंट्री ईशा गुप्ता की है। वहीं त्रिधा चौधरी की एक झलक दिखाई गई है। इस पर उनके फैन्स और ज्यादा की डिमांड कर रहे हैं। लोगों ने सीजन 2 के बोल्ड सीन्स याद किए हैं। उनके फैन्स ने लिखा है कि सीरीज के पॉप्युलर होने का एक रीजन वह भी थीं। ट्रेलर में बॉबी देओल की भी तारीफ की जा रही है। वहीं ईशा गुप्ता को लेकर भी लोग एक्साइटेड हैं। ट्रेलर में ईशा के साथ बॉबी के बोल्ड सीन्स की झलक देखने को मिली है।

लोग बोले– त्रिधा के लिए देख रहे ट्रेलर

बॉबी देओल की वेब सीरीज आश्रम का लोग लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। इसका ट्रेलर आने के बाद सोशल मीडिया पर इसके चर्चे हो रहे हैं। लोग सीरीज के लिए काफी एक्साइटेड हैं। बॉबी देओल और त्रिधा चौधरी के लिए सबसे ज्यादा क्रेज दिख रहा है। यूट्यूब वीडियो पर एक फैन ने कमेंट किया है, सीरीज में साफ दिख रहा है कि बॉबी बुरे ऐक्टर नहीं हैं, उन्हें बस अच्छी स्क्रिप्ट की जरूरत है। एक और ने लिखा है, त्रिधा ट्रेलर में सिर्फ 1 सेकंड के लिए दिखीं। उम्मीद करते हैं उनके और सीन्स होंगे। क्योंकि सीरीज के लोकप्रिय होने की एक वजह वह भी हैं। एक और ने लिखा है, त्रिधा का बाबा के साथ इंटिमेट सीन। वहीं त्रिधा के एक फैन ने लिखा है कि सच बोलें तो ट्रेलर देखने भी त्रिधा की वजह से आए हैं।

तकिये के साथ शूट हुआ था सीन

आश्रम के बोल्ड सीन्स के बारे में त्रिधा चौधरी पहले इंटरव्यू में बता चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि ये सीन करने में काफी दिक्कत हुई थी। उन्हें इस बात का डर था कि क्लिप्स से छेड़छाड़ करके कोई ये सीन वायरल न कर दे। त्रिधा ने बताया था कि सीन तकिए की मदद से फिल्माया गया था और सेट्स पर कई लोग थे। उनका कहना था कि लोगों को जैसा दिखता है वे वैसा ही समझते हैं। उन्हें नहीं पता होता कि ऐसे सीन्स कैसे फिल्माए जाते हैं। उन्होंने बॉबी देओल की भी तारीफ की थी। बताया था कि वह शादीशुदा हैं और इस बात का ध्यान रखा था कि मुझे कोी दिक्कत न हो।

मीरा कपूर को बोरिंग लगता है शाहिद कपूर का सोशल मीडिया गेम

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और उनकी पत्नी मीरा कपूर दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। दोनों ही सेलेब्रिटीज आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी चीजें इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते हैं। शाहिद कपूर के इंस्टाग्राम पर 3 करोड़ 46 लाख फॉलोअर्स हैं जबकि मीरा कपूर को इंस्टाग्राम पर 36 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। दिलचस्प बात ये है कि सोशल मीडिया को लेकर दोनों का ही नजरिया काफी अलग है।

मीरा खींचती हैं शाहिद की टांग

बातचीत में शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी पत्नी मीरा राजपूत को ये पूरा सोशल मीडिया गेम ही 'बोरिंग' लगता है। शाहिद कपूर ने कहा, 'वो पिछले कुछ सालों से मेरी टांग खींचती है कि शाहिद तुम्हारा सोशल मीडिया गेम बहुत खराब है, बिलकुल बेकार, तुम कितने बोरिंग हो। शाहिद कपूर ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान वो ज्यादातर वक्त पंजाब में रहे थे। वहां का माहौल बिलकुल अलग था, मैं अलग ही मिजाज में रहता था।

शाहिद कपूर ने बताया, 'जिस पल मैं मुंबई आया, जो कि तो मेरे दिमाग में कुछ ऐसा चल रहा था कि मैं बदला लेने आ रहा हूं मीरा।' मीरा और अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी के बारे में शाहिद कपूर ने कहा, 'हम बहुत मर्जी से अपने बच्चों की तस्वीरें पोस्ट नहीं करते हैं। जैन की सिर्फ एक तस्वीर है जिसे मैंने अपनी मर्जी से शेयर किया था, या शायद दो होंगी।' शाहिद कपूर ने कहा कि वह अपने बच्चों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचते हैं।

इंस्टाग्राम पर ऐसी है शाहिद की प्रिजेंस

शाहिद कपूर की सोशल मीडिया पर मौजूदगी काफी नॉन कॉन्ट्रोवर्शियल होती है। शाहिद कपूर अमूमन अपनी फिल्मों से जुड़े अपडेट या फिर अपनी प्रमोशन एक्टिविटी से जुड़ी पोस्ट करते हैं। इसके अलावा उन्हें वो चीजें भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना पसंद है जो वो रियल लाइफ में पसंद करते हैं। हाल ही में शाहिद ने अपनी बॉयज ट्रिप की फोटोज सोशल मीडिया पर डाली थीं।

कोरोना से संक्रमित हुए अक्षय कुमार

मुंबई। अक्षय कुमार कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। उनका कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। अक्षय ने एक ट्वीट कर खुद यह जानकारी दी है। वह कान्स फिल्म फेस्टिवल जाने वाले थे ऐसे में अब वह नहीं जा पाएंगे। वह एआर रहमान, शेखर कपूर, पूजा हेगड़े और केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने जाने वाले थे। अक्षय ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह काफी उत्सुक थे। फिलहाल वह आराम करेंगे। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

ट्वीट कर क्या लिखा

कान्स फिल्म फेस्टिवल 17 मई से शुरू होगा। अक्षय ने कहा, 'कान्स 2022 में हमारे सिनेमा के लिए उत्सुक था। यह दुखद है कि मेरा कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। अभी आराम करूंगा। अनुराग ठाकुर और पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं। असल में बहुत मिस करूगा।' यह दूसरी बार है जब अक्षय कोरोना वायरस की चपेट में आए हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में वह कोरोना से संक्रमित हो गए थे। उन्होने ट्वीट करके अपने कोविड -19 से संक्रमित होने की जानकारी दी थी।

आने वाली फिल्म

अक्षय की फिल्मों की बात करें तो वह 'पृथ्वीराज' में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ पूर्व विश्व सुंदरी मानुषी छिल्लर हैं। फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है। इसे यशराज बैनर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अक्षय और मानुषी के अलावा संजय दत्त और सोनू सूद की भी अहम भूमिका है। 'पृथ्वीराज' 3 जून को हिन्दी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी।

दुनिया के लिए सोमवार रात को साल का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण

16 मई को लगने वाला ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा

चंद्रग्रहण के दिन दो शुभ संयोगों का भी हो रहा है निर्माण

भारतीयों पर दुष्प्रभाव नहीं होगा, जहां ग्रहण दिखता वहीं असर होता है

मान्यता: ग्रहण के बाद चांदी, दूध, चीनी, चावल का दान करने से बाधाएं दूर होंगी

रायपुर/ नवप्रदेश। साल का पहला चंद्रग्रहण 16 मई सोमवार को लगने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, ये एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा और विदेशों में नजर आएगा। ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। इस दिन बुद्ध पूर्णिमा भी है। साल के पहले चंद्रग्रहण के दिन दो शुभ संयोग बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, ग्रहण के दौरान कुछ सावधानी रखने और नियम का पालन करना जरूरी होता है ताकि उसका दुष्प्रभाव न पड़े।

ग्रहण का सूतक नहीं होगा

16 मई को लगने वाला ग्रहण, पूर्ण चंद्रग्रहण है। यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक के नियमों का पालन करना जरूरी नहीं है। अगर आप खाना चाहते हैं, सोना चाहते हैं तो कर सकते हैं। लेकिन अगर आप ग्रहण का लाभ उठाना चाहते हैं तो ग्रहण के समय ध्यान करें। ये आपके लिए काफी अच्छा होगा।

दान करेंगे तो दूर होंगी बाधाएं

अगर आप चाहते हैं कि चंद्रमा आपको परेशान न करे, तो ग्रहण के बाद दान कर सकते हैं। ग्रहण के बाद अगर आप चांदी, दूध, चीनी, चावल का दान करते हैं तो, इससे चंद्रमा की बाधाएं दूर हो जाएंगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, साल के पहले चंद्रग्रहण का इन तीन राशि वालों को लाभ मिलेगा।

मेष राशि– चंद्रग्रहण के दौरान बनने वाले दो शुभ योग के कारण मेष राशि वालों के लाभ हो सकता है। करियर के लिहाज से ये समय बहुत बेहतर है। धन लाभ के योग बनेंगे। नौकरी पेशा करने वाले जातकों के लिए यह ग्रहण शुभ है। प्रॉपर्टी में निवेश बढ़ सकता है। साथ ही परिवार की कलह दूर होगी

सिंह राशि– चंद्रग्रहण पर बनने वाले योग से सिंह राशि वालों को लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन की संभावनाएं हैं। आय के नए साधन बनेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अविवाहित लोगों को शादी-विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

धनु राशि– धनु राशि वालों के लिए ग्रहण लाभकारी है। तरक्की मिल सकती है। नई नौकरी के योग बनेंगे। व्यापारियों को धन लाभ होने की संभावना है। आर्थिक मोर्चे पर भी लाभ होगा। घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

भेड़ाघाट में नाइट बोटिंग दिखेगा दूधिया चट्टानों का संसार

मप्र के जबलपुर में नर्मदा नदी पर पर्यटकों के लिए सौगात

भेड़ाघाट पर अब रात में पर्यटक नौका विहार कर सकेंगे

चांद की दूधिया रोशनी में दिखता संगमरमर चट्टानों का नजारा

कलेक्टर ने दी भेड़ाघाट में नौका विहार की सशर्त अनुमति

16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के लिए की गई खास तैयारियां

मध्य प्रदेश। जबलपुर में नर्मदा नदी पर स्थित भेड़ाघाट पर अब रात के समय पर्यटक नौका विहार का आनंद मिलेगा। ये घाट चांद की दूधिया रोशनी में संगमरमर चट्टानों के लिए जग प्रसिद्ध है। 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भेड़ाघाट में नौका विहार की सशर्त अनुमति जबलपुर के कलेक्टर ने दी है। इसके बाद पर्यटक 13 से 17 मई तक इस अद्भुत नजारे को देख सकेंगे।

रात में पर्यटक बिना लाइफ जैकेट पहने नौका विहार नहीं कर सकेंगे। साथ ही पर्यटक और नाविक किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे।

महंगाई की मार, सीएनजी दो रुपए और महंगी

देश के लोगों पर महंगाई की और मार तेज

रविवार सुबह 6 बजे सीएनजी दो रुपए महंगी

अब सीएनजी दिल्ली में 73.61 रुपये प्रति किलोग्राम

बाकी शहरों में भी सीएनजी की कीमत में इजाफा

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार अब और भी तेज हो गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने रविवार सुबह 6 बजे से दिल्ली-एनसीआर में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस यानी की कीमत में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। नई बढ़ोतरी के साथ, सीएनजी की कीमत अब दिल्ली में 73.61 रुपये प्रति किलोग्राम, नोएडा में 76.17 रुपये प्रति किलोग्राम और गुरुग्राम में 81.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

आईजीएल ने देश के अन्य हिस्सों में भी गैस की कीमतों में इजाफा किया है। रेवाड़ी में सीएनजी 84.07 रुपए प्रति किलो बिक रही है। बढ़ोतरी के बाद करनाल और कैथल में 82.27 रुपए प्रति किलो है। उत्तर प्रदेश के कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 85.40 रुपए और राजस्थान के अजमेर, पाली और राजसमंद में 83.88 रुपए बिक रही है।

शहर के गैस वितरक पिछले साल अक्टूबर से समय-समय पर कीमतें बढ़ाते रहे हैं, जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतें बढ़ने लगी है और इजाफा किया गया है।

न्यूयॉर्क में अंधाधुंध फायरिंग 10 की मौत

बफेलो में एक सुपर मार्केट में 18 साल का किशोर बंदूक लेकर घुसा

फ़ायरिंग में 10 की मौत, 13 लोग बुरी तरह जख़्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक बार फिर हिंसक वारदात हुई है और उसके निशाने पर अश्वेत नगारिक हैं। न्यूयॉर्क राज्य के बफ़ेलो में 18 साल का एक किशोर बंदूक लेकर एक सुपर मार्केट में घुसा और अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी। इसमें 13 लोग बुरी तरह जख़्मी हो गए, जिनमें से 10 की मौत हो गई। यह सुपर मार्केट अश्वेत बहुल इलाक़ा है और मरने वालों में ज़्यादातर लोग अश्वेत हैं। इसे अश्वेतों के ख़िलाफ़ एक और हेट क्राइम और नस्लीय हिंसा माना जा रहा है।

बफ़ेलो पुलिस आयुक्त जोसेफ ग्रैमाग्लिया ने बताया है कि 13 लोगों को गोली मार दी गई और मरने वालों में अधिकांश लोग अश्वेत नगारिक हैं। माना जा रहा है कि संदिग्ध घंटों गाड़ी चला कर शहर के उस इलाके में आया जहां बड़ी आबादी काले लोगों की है।

अमेरिकी जांच एजेन्सी फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ़ इनवेस्टीगेशन यानी एफ़बीआई ने गोलीबारी की इस घटना की पुष्टि की है और इसे 'हिंसक उग्रवाद' बताया है।

एफ़बीआई के बफ़ैलो कार्यालय के एजेंट प्रभारी स्टीफ़न बेलोंगिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इस घटना की जांच हेट-क्राइम और नस्लीय रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ के मामले के रूप में कर रहे हैं। सुपर मार्केट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एरन सॉल्टर ने संदिग्ध को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन इस हमले में वे मारे गए। हमलावर को गिरफ़्तार कर लिया गया है।

एरी काउंटी के ज़िला अटॉर्नी जॉन फ्लिन ने कहा कि संदिग्ध को फर्स्ट-डिग्री मर्डर का अभियुक्त बनाया गया है, और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। एक पुलिस सूत्र ने एक टेलीविज़न चैनल पर दावा कि है हमलावर व्यक्ति ने हमले के दौरान नस्लीय अपशब्द का इस्तेमाल किया था।

बफ़्लो के मेयर बायरन ब्राउन ने कहा है,

यह एक बेहद बुरे सपने जैसा है और कोई भी समुदाय इसका निशाना बन सकता है। मैं दुखी हूं और मुझमें बेहद गुस्सा है। हम इन नफ़रती लोगों को खुद को बांटने नहीं दे सकते। हमले के चश्मदीद ग्रैडी लेविस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति को गोली मारते हुए देखा। उन्होंने कहा, मैंने देखा कि आदमी सेना के जवान की तरह अंदर जाता है, थोड़ा झुकता है और लोगों पर ताबड़तोड़ गोली चलाने लगता है।

शनिवार को न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि संदिग्ध एक गोरा वर्चस्ववादी था जो आतंकवाद के काम में शामिल था। यह हमला आर्मी की शैली में किया गया और निशाना वे लोगो बने जो घरों से बाहर घर का सामान खरीदने आए थे।

बाइडेन ने जताया दुख–

इस वारदात पर जो बाइडन ने भी प्रतिक्रिया जताई है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति मिले राष्ट्रपति और प्रथम महिला की यही प्रार्थना है।

पहली बार थॉमस कप जीतकर भारत ने रचा इतिहास

14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को हराया

पांच में से कम से कम जीतने होंगे तीन मैच तब माना जाएगा विजेता।

नई दिल्ली। भारत ने इंडोनेशिया को थॉमस कप के फाइनल मैच में हराकर इतिहास रच दिया है। भारत ने 14 बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को पराजित किया है। लक्ष्य सेन ने पहले और सात्विक चिराग की जोड़ी ने दूसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। इसके बाद किदांबी श्रीकांत ने तीसरा मैच जीतकर भारतीय टीम को पहली बार थॉमस कप का चैंपियन बनाया। लक्ष्य सेन ने पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंडोनेशिया के एंतोनी सिनिसुका को 8-21, 21-17, 21-16 से मात दी। दूसरे मैच में भी सात्विक चिराग की जोड़ी ने भी 18-21, 23-21, 21-19 से जीत हासिल की। तीसरा मैच श्रीकांत और क्रिस्टी के बाच खेला जा रहा है और पहला सेट किदांबी श्रीकांत ने जीत लिया है। भारतीय टीम ने मलेशिया और डेनमार्क जैसी मजबूत टीमों को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट में भारत सिर्फ एक मैच हारा था, जब ग्रुप स्टेज में चीनी ताइपे ने उसे मात दी थी। वहीं, इंडोनेशिया की टीम फाइनल से पहले इस टूर्नामेंट में अजेय रही। श्रींकात और क्रिस्टी के बीच मुकाबला जारी भारत के किदांबी श्रींकात और इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी के बीच मुकबला जारी है। श्रीकांत ने पहला सेट 21-15 के अंतर से जीत लिया है। दूसरा से भी श्रीकांत ने जीतकर भारत को चैंपियन बना दिया। दूसरे मैच में सात्विक-चिराग की जोड़ी भी जीती दूसरे मैच में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी का सामना केविन संजाया और मोहम्मद अहसान से था। पहला सेट इंडोनेशिया की जोड़ी ने 21-18 से जीता, जबकि दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी ने 23-21 से जीत हासिल की। इसके बाद तीसरा सेट भी सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 21-19 से अपने नाम किया और मैच में भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी है।

लक्ष्य ने पहला मैच अपने नाम किया–

लक्ष्य और एंथोनी सिनिसुका के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा। एंथोनी ने पहला सेट 21-8 से अपने नाम किया। वहीं, लक्ष्य ने दूसरे सेट में वापसी की और 21-17 से जीत हासिल की। तीसरा सेट भी 21-16 से जीतकर लक्ष्य ने मैच अपने नाम कर लिया।

भारत-इंडोनेशिया फाइनल मैच शेड्यूल

मैच 1 पुरुष एकल (लक्ष्य सेन ने भारत को जीत दिलाई)व

मैच 2 पुरुष डबल्स (सात्विक-चिराग की जोड़ी भी जीती)

मैच 3 पुरुष एकल

मैच 4 पुरुष डबल्स

मैच 5 पुरुष एकल

फाइनल मैच में भारतीय टीम

एकल: लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावती।

असम में बर्बादी की बाढ़, तीन की मौत, जनजीवन प्रभावित

कई रिहायशी और कमर्शियल इमारतों को नुकसान,लुमडिंग–बदरपुर मार्ग की कई ट्रेनें रद्द

डिब्रूगढ़। असम में लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में बाढ़ आई हैं। राज्य के दीमा हसाओ जिले में भारी बाढ़ का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। घर, खेत, सड़क और इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण जिले के हजारों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक रिपोर्ट के मुतबिक, दीमा हसाओ में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई रिहायशी और कमर्शियल इमारतों को नुकसान पहुंचा है। जिले में कुछ जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे माईबांग और माहूर के बीच रेल मार्ग प्रभावित हुआ है। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

लुमडिंग–बदरपुर ट्रैक की ट्रेनें रद्द

बाढ़ के चलते पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे ने लुमडिंग-बदरपुर के बीच की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

कोलकाता की जीत ने बदला प्ले ऑफ का समीकरण, बैंगलोर, दिल्ली और पंजाब रेस में आगे

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार रात केन विलियमसन की सनराइजर्स हैदराबाद पर 54 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। इसी के साथ केकेआर प्वाइंट्स टेबल में 6ठें पायदान पर पहुंच गई है। कोलकाता की यह 13वें मैच में 6ठीं जीत है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद को इस हार से बड़ा नुकसान हुआ है। 12वें मैच में हैदराबाद की यह 7वीं हार थी, बाकी दो मैच जीतने के बावजूद अब टीम केकेआर की तरह 14 अंकों तक ही पहुंच सकती है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के पास 16 अंकों तक पहुंचने का मौका है। आइए जानते हैं केकेआर बनाम एसआरएच मुकाबले के बाद कैसे बदला प्लेऑफ का समीकरण-

14 अंक तक ही पहुंच पाएगी कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद

केकेआर के खिलाफ मैच से पहले केन विलियमसन की टीम के पास उम्मीद थी कि वह भी इस सीजन 16 अंक तक पहुंच सकती है। मगर केकेआर ने उनका पूरा समीकरण खराब कर दिया। हैदराबाद इस हार के साथ 8वें पायदान पर खिसक गई है। टीम को अगले दो मुकाबले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने है। अगर टीम यह दोनों मैच जीतती भी है तो वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी। ऐसे में उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें केकेआर की तरह काफी कम है।

आरसीबी, डीसी और पीबीकेएस के बीच होगी कांटे की टक्कर

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स ये तीन ऐसी टीमें हैं जिनके पास अभी भी 16 अंक तक पहुंचने का शानदार मौका है। आरसीबी को अपना आखिरी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है, टीम को इस मैच में बड़ी जीत दर्ज करने की जरूरत है क्योंकि अगर पेच आखिरी में नेट रन रेट पर फंसा तो आरसीबी की मुश्किलें बढ़ सकती है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार के बाद आरसीबी का नेट रन रेट -0.323 का पहुंच गया है। दिल्ली के पास दो मुकाबले हैं जिनमें से एक उन्हें पंजाब के खिलाफ खेलना है। ऐसे में इस मुकाबले से कुछ तस्वीर साफ हो जाएगी कि 16 अंक तक इनमें से कौन सी टीम पहुंच सकती है। दिल्ली को अन्य एक मुकाबला मुंबई के खिलाफ और पंजाब को आखिरी मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना हैं।

लखनऊ सुपर जाएंट्स और राजस्थान रॉयल्स की राह है आसान

लखनऊ सुपर जाएंट्स 16 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है। टीम को अगले दो में से एक मैच जीतना है और वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। वहीं 14 प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर मौजूद राजस्थान की टीम को अगर आसानी से प्लेऑफ में पहुंचना है तो दोनों मैच जीतने होंगे। अगर टीम एक भी मैच जीतती है तो फिर भी उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस अधिक है क्योंकि उनका नेट रन रेट बाकी टीमों से बेहतर है। राजस्थान को अगले दो मैच लखनऊ और चेन्नई के खिलाफ खेलने हैं।

मैहर माता शारदा मंदिर प्रांगण में भीख मांग रहे वृद्ध की अज्ञात कारणों से हुई मौत देवी जी चौकी पुलिस कार्यवाही कर पहुंचाया मरचुरी

नव प्रदेश मैहर। माता शारदा धाम प्रांगण में दुलीचंद सिंह कोल नाम का वृद्ध 15 से 20 वर्ष से भीख मांग अपना गुजरवसर करता था किसी अज्ञात कारण से उस वृद्ध की मृत्य हो गई जब इस बात की जानकारी देवी जी पुलिस को लगी तो मौके में पहुंच देवी जी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष सिंह उलाणी साथ प्रधान आरक्षक नरसिंह शर्मा, आरक्षक उमेश सिंह जी माबले का पंचनामा बना परिजनों की खोज कर सूचित किया गया तब पता चला कि मृतक अमरपाटन थाना अंतरगत ग्राम खरामसेड निवाशी है गांव के ही परिचित के साथ पत्नी पहुंची वही पुलिस द्वारा मृतक को मैहर अस्पताल के मर्चुरी में पोस्टमार्टम करा शव को पत्नी व गांव के परिचित राघवेंद्र सरण सिंह को सुपुर्द किया गया।।

मैहर की डेल्हा ग्राम पंचायत मे मातृ एवं शिशु टीकाकरण की हुई संगोष्ठी

सी एस आर हेड श्री विपिन सक्सेना रहे उपस्थित

नव प्रदेश मैहर। देखा जा रहा है कि मैहर सीमेंट वर्क्स अल्ट्राट्रेक सीमेन्ट सरलनागर प्लांट प्रवंधक श्री सुनील तिवारी साथ मानव संसाधन प्रमुख्य ज्ञानचंद्र गौतम द्वारा आस पास की ग्रामपंचायतों को उन सभी मूलभूत सुविधओं को देना का बीड़ा उठा रखा है जो स्थानीय लोगो को मिलना चाहिए ऐसा ही एक आयोजन मैहर सीमेंट वर्क्स के एचआर विभाग के सीएसआर प्रमुख श्री विपिन सक्सेना जी द्वारा ग्राम पंचायत डेलहा में मातृ एवं शिशु टीकाकरण पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डेलहा सरपंच श्रीमती साधना साकेत जी एवं सचिव श्री बुद्धि लाल चौधरी जी ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य श्री सुरेश साहू व रोजगार सहायक श्री प्रमोद कुमार कठेरिया तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे वही इस कार्यक्रम के सीएसआर टीम के सदस्य श्री सुरेश विश्वकर्मा जी एवं सीताराम कुशवाहा जी उपस्थित रहे कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्री विपिन सक्सेना जी द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका से कुपोषित बच्चों एवं मातृ व शिशु टीकाकरण की जानकारी ली गई तथा आंगनवाड़ी में आगनबाडी की कमियां एवं उनके निदान के लिए विस्तृत चर्चा की गई और आंगनबाड़ी में गुणवत्ता सुधार हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से सुझाव व जानकारी ली गई, इस कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान श्री मति साधना साकेत जी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए मैहर सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग प्रमुख श्री विपिन सक्सेना जी को धन्यवाद देते हुए कहा की आगे भी श्री सक्सेना जी द्वारा हमारी ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी हेतु निरंतर सहयोग किया जाएगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकांत के मुख्य अतिथि मे हुआ बदेरा भाजपा मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियो का सम्मान

नव प्रदेश मैहर।

भारतीय जनता पार्टी अपने आगामी चुनाव को ध्यान मे रखते हुए एक साल पहले से हीं अपने अंतिम सिरे मे बैठे कार्यकरता को सक्रिय करने के लिए अभी से कमर कसना शुरू कर दिया, मैहर के बदेरा मंडल के अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने अपनी कार्यकारणी घोषित कर दी, जिसमे नवनियुक्त पदाधिकारियो के लिए भाजपा कार्यालय भदनपुर मे सम्मान समारोह किया गया, जिसमे मुख्यअतिथि के रूप मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कांत उपस्थित रहे, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सांसद प्रतिनिधि श्रीविश्वनाथ तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य व पूर्व मंडल अध्यक्ष रविशंकर द्विवेदी की मौजूदगी मे सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियो का माल्यार्पण एवं भारतीय जनता पार्टी का गमझा पहना कर स्वागत किया गया तो वही वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकांत चतुर्वेदी जी का मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा द्वारा चुनरी एवं माता तस्वीर भेट कर सम्मान किया गया. कार्यक्रम मे वरिष्ठ भाजपा नेताओ के साथ महिला मोर्चा की श्रीमती सैल श्रीवास्तव, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती रंजना दुबे, श्रीमती नीलू गुप्ता , श्रीमती रुक्मणि चक्रवर्ती ,रणविजय सिंह परिहार, प्रमोद सोनी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल,राजेंद्र रजक, सीताराम पटेल सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

12 मई को भोपाल में युवा कांग्रेस का युवा शंखनाद कार्यक्रम में शहडोल युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाया दम

शहडोल

युवा कांग्रेस मध्यप्रदेश द्वारा भ्रष्ट एवं नाकाम भाजपा सरकार के खिलाफ आयोजित मुख्यमंत्री आवास घेराव एवं विरोध प्रदर्शन युवा शंखनाद में जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में शहडोल जिले से भारी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। हर बार की तरह इस बार भी शहडोल युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के आह्वान पर भोपाल में पार्टी के साथ मजबूती से शिवराज सरकार के विरुद्ध डटकर खड़ा रहा। उक्त कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सौरभ सिंह मनु,जिला महासचिव सुफियान खान,विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष अतुल तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र बैस,जिला महासचिव निशांत जोशी, जैतपुर विधानसभा उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष साजिल खान सन्नी,राहुल पनिका,अभिषेक वर्मा, संजू मिश्रा,सोनू वैश्य,पुष्पेंद्र पटेल,अमरेंद्र द्विवेदी,विकास गुप्ता,आयुष पांडे,ऋषिकेश चौधरी,अल्ताफ खान, बादल,शादाब खान,रकीब खान, आरिफ खान,हर्ष सिंह,किशन बैगा एवं भारी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

मैहर विधानसभा के सड़को पर गूंजने वाली लल्ला के संघर्ष की दहाड़ भोपाल में मुख्यमंत्री निवास की दीवारों तक पहुँची

कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर शिवराज की सेना ने डंडों और पानी के लेप से किया स्वागत।

नव प्रदेश मैहर

महंगाई बेरोजगारी अनुसूचित जनजाति वर्ग पर अत्याचार और व्यापम घोटाले को लेकर मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस ने विगत दिनों भोपाल से आंदोलन का शंखनाद किया ।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने जुटे युवक कांग्रेस के प्रदेशभर से आए हजारों कार्यकर्ता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ , पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल , अरुण यादव , गोविंद सिंह राजपूत , युकां प्रभारी शेष नारायण ओझा , जब मुख्यमंत्री आवास की घेराबंदी के लिए आगे बढ़े तो रेड क्रॉस अस्पताल के पास पुलिस ने वेरी गेट लगाकर रोक दिया। यहां कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच काफी झड़प हुई जिसमें कुछ लोगों को मामूली चोट आई । मैहर से युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेंद्र शर्मा छोटू के मार्गदर्शन में व मैहर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा लल्ला के नेतृत्व में युवाओं का जत्था भोपाल रवाना हुआ था । मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए जब प्रदेश सचिव छोटू शर्मा विधानसभा अध्यक्ष लल्ला अपने साथियों सहित युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी पूर्व यूका प्रदेश अध्यक्ष विधायक कुणाल चौधरी युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया को पुलिस ने बलपूर्वक रोककर वाटर कैनन से पानी की बौछार मारना चालू किया और लाठी चार्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया तब विधानसभा अध्यक्ष लल्ला ने शक्ति के साथ अपने साथियों सहित पुलिस की गाड़ी चारों ओर से घेर ली और उन्हें गिरफ्तार करने में हस्तक्षेप किया पुलिस ने लल्ला के ऊपर भी लाठीचार्ज किया जिसमें उन्हें मामूली चोटें आई और विधानसभा अध्यक्ष लल्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष और विधायक कुणाल की गाड़ी के ऊपर छत पर जा बैठे तत्काल प्रभाव से भोपाल एसपी ने प्रदेश सचिव छोटू शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष को उसी गाड़ी में गिरफ्तार कर भोपाल केंद्रीय जेल गांधीनगर ले जाया गया । छोटू शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के कोने कोने से आये हज़ारों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के ऊपर अपराधियों की तरह बर्ताव किया गया , नंगा करके लाठियां मारी वाटर कैनन और आशु गैस के गोले चलाये क्या अब प्रदेश का युवा अपने अधिकार के लिए अपनी बात भी नहीं रख सकता । आज मध्य प्रदेश के भविष्य के लिए युवा शंखनाद हो रहा है , अभी भाजपा के पास तीन चीजें हैं पुलिस पैसा और प्रशासन और हम कांग्रेसियों के पास हौसला है जो इनकी पुलिस पैसा और प्रशासन से ना कभी डरे थे ना कभी डरेंगे हम संघर्ष किए थे और संघर्ष करते रहेंगे । विधानसभा अध्यक्ष लल्ला ने कहा की महंगाई बेरोजगारी ही चुनौती नहीं है हमारी संस्कृति को बचाना भी सबसे बड़ी चुनौती है , कहा कि प्रदेश का युवा अब अत्याचार धोखा और बेरोजगारी नहीं सहेगा , सरकार चाहें जो हतकंडे अपना ले अब युवा जाग चुका है मप्र के युवा समझदार है और वो किसी के बहकावे में नहीं आने वाला ये संघर्ष 2023 में कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनाकर ही थमेगा ।

छोटा हाथी वाहन से टकराकर युवक की मौत

पन्ना/सिमरिया थाना के मोहंद्रा रोड पर ग्राम चढ़रा के समीप एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार इंद्र कुमार पाल उम्र 23 वर्ष पिता चंदू पाल निवासी जसवंतपुरा जो बनौली ग्राम शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। सिमरिया चढ़रा में खड़ी छोटा हाथी से टकरा गया और घायल हो गया। छोटा हाथी गाड़ी नंबर एमपी 36 एल 0152 राधिका टेंट हाउस मोहन्द्रा का है। सड़क दुर्घटना की जानकारी डायल हंड्रेड को दी गई जिस पर एक्सीडेंट होने के बाद सो नंबर घायल को लेकर सिमरिया अस्पताल लेकर पहुंची जहां घायल का प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विद्युत चोरी पर एक वर्ष की सजा एवं अर्थदण्ड

पन्ना कार्यापलन अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संभाग पन्ना से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत चोरी के प्रकरण क्रमांक 46/21 में आरोपी विद्या प्रसाद कुशवाहा पिता बच्चा कुशवाहा निवासी रामपुर टपरियन थाना अजयगढ़ को धारा 135(क) विद्युत अधिनियम में दोषी पाए जाने पर आरोपी को एक वर्ष का साश्रम कारावास एवं 1 लाख 74 हजार 193.50 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। अर्थदण्ड की राशि जमा न करने पर 6 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगी।

गैरेज में रखी जिप्सी आग लगने से राख ग्रामीणों ने किसी तरह दूसरी जिप्सी को बचाया

उमरिया

ताला चौकी अन्तर्ग बिझरिया तिराहे के पास मौजूद शिवेंद्र उर्फ सोनू पिता तेज भान सिंह के मकान में गैरेज में रखी एमपी 19 टी 5301जिप्सी आग की चपेट में आने की वजह से धू धू कर जल गई है,इस जिप्सी के अलावा एक ओर जिप्सी क्रम एमपी 54 टी 0301जो उनके भाई सुनील सिंह के नाम से पंजिकृत है पास ही खड़ी थी,ये जिप्सी भी करींब 30 से 40 फीसदी से अधिक प्रभावित बताई जा रही है।इस मामले की शिकायत मोटर मालिक शिवेंद्र सिंह ने विधिवत ताला चौकी में शिकायत भी की है।बताया जाता है कि अज्ञात कारणों से गैरेज में आग लगने के बाद धुंवा उठता देख स्थानीय ग्रामीण सक्रिय हुवे,और किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका है,सूत्रों की माने तो घटना के दौरान मोटर मालिक और उनका परिवार ग्रह ग्राम सतना गए हुए थे,जब ये हादसा घटित हुआ,इस पूरे मामले में मोटर मालिक शिवेंद्र सिंह ने बताया कि गैरेज में आग लगने की कोई वजह नही है,निश्चित ही असमाजिक तत्वों द्वारा आर्थिक क्षति देने की गरज से इस हादसे को कारित किया गया है।फिलहाल इस मामले में पुलिस शिकायत उपरांत विवेचना में जुट गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'बी,सी,डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग/पाटन के निम्नलिखित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजना योजनांतर्गत विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.सू.क्र./दिनांक	सिस्टम क्र.	विकासखंड	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	19/10.05.2022	99447	दुर्ग	महमरा	67.66
2	20/10.05.2022	99449	दुर्ग	पीपरछेड़ी, खुर्सीडीह, मालूद	194.10
3	21/10.05.2022	99450	पाटन	डंगनिया, गुजरा, कसही	230.88
4	22/10.05.2022	99451	पाटन	बोहारडीह, मानिकचौरी, बोदल	221.27

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 17.05.2022 से देखे जा सकते हैं तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 25.05.2022 है।

जी-91133/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दुर्ग (छ.ग.)

संपादकीय

कश्मीर में आतंकियों का खात्मा जरूरी

जम्मू कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों के द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद वहां अभी भी कई आतंकवादी छिपे हुए है। जो रह-रह कर छिट पूट आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। इन आतंकवादियों ने सरकारी दफ्तर में घुसकर दिन दहाड़े राहुल भट्ट नामक एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद सुरक्षा बल के जवानों तत्काल जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकवादियों को जहन्नूम रसिद कर दिया। जिसमें से एक पाकिस्तानी आतंकवादी था। इसके बाद से सेना ने वहां सर्च अभियान तेज कर दिया है। आतंकवादियों की सघन तलाश की जा रही है। कश्मीरी पंडित की हत्या की घटना के बाद वहां रह रहे। कश्मीरी पंडितों में असुरक्षा की घृणा कर रही है। गौरतलब है कि 370 के खात्मे के बाद केन्द्र सरकार कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को फिर से बसाने के लिए कार्ययोजना बना रही है। इसी के तहत कुछ कश्मीरी पंडितों को वहां बसाया गया है और विशेष पैकेज देकर उन्हें सरकारी नौकरी भी दी गई है। कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों की वापसी वहां के दहशत गर्दो को रास नहीं आ रही है। इसीलिए अब वे एक बार फिर कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर उनमें दहशत फैलाना चाह रहे हैं। उनके ये नापाक मनसुबे तभी नाकाम होंगे। जब वहां बचे कुचे आतंकवादियों को खत्म किया जाएगा। इसके लिए सेना, सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस को मिलकर आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध स्तर पर बड़ा अभियान चलाना होगा। इन आतंकवादियों को सहयोग करने वाले अलगाववादियों और स्थानीय लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करनी होगी। तभी कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो पाएगी और कश्मीरी पंडितों की वापसी सुनिश्चित हो पाएगी। पड़ोसी देश पाकिस्तान कश्मीर में 370 के खात्मे के बाद से बौखलाया हुआ है और वह कश्मीर में आतंकवाद की आग को हवा देने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहा है। पाकिस्तान के नापाक इरादों से भी भारत को सावधान रहने की जरूरत है और कश्मीर घाटी में एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक तत्काल करनी होगी। ताकि वहां जो गिनती के आतंकवादी बच गए है उन्हें नेस्तनाबुत किया जा सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र सरकार कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों के वापसी के लिए अनुकूल माहौल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

टारगेटेड किलिंग का शिकार हिन्दू आगे भी होंगे

विष्णुगुप्त

इन योजनाओं को पूरा करने के लिए बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे जगहों से भारी संख्या में प्रवासी मजदूर आये हैं। प्रवासी मजदूर सिर्फ सरकारी योजनाओं में ही लगे नहीं है बल्कि प्रवासी मजदूर फलों की खेती में भी अपना योगदान दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात कश्मीर की राजनीतिक पार्टियों का हिन्दू विरोधी चरित्र और पाकिस्तान समर्थक चेहरे का है। कश्मीर में मुख्यतः दो बड़ी पार्टियां है। एक पीडीपी है और दूसरी नेशनल कांग्रेस है। पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की कट्टरपंथी बोल जगजाहिर है। महबूबा मुफ्ती अपने पिता की फोटो कॉपी है। इसके अलावा नेशनल कांग्रेस के बाप-बेटे फारूख अब्दुला और उमर अब्दुला की समय-समय पर राष्ट्र विरोधी बोल भी जगजाहिर है। कहने का अर्थ है कि पीडीपी और नेशनल कांग्रेस के नेता अभी मुस्लिम आतंकवादियों की किसी न किसी प्रकार से आईकॉन और शक्ति बनें हुए हैं। ये भारतीय सुरक्षा बलों को खलनायक करार देकर मुस्लिम आतंकवादियों की हिंसा का अप्रत्यक्ष समर्थन करते हैं।

मुस्लिम आतंकवादियों की टारगेटेड हत्या का नया शिकार राहुल भट्ट हुए हैं। माखनलाल विंद्रु से लेकर राहुल भट्ट तक, कई हिन्दू टारगेटेड हिंसा का शिकार होकर अपनी जानें गंवायी है। इसके अलावा कई प्रवासी मजदूर भी टारगेटेड हिंसा में अपनी जानें गंवायी है। आगे भी टारगेटेड हिंसा में कश्मीरी हिन्दू और प्रवासी मजदूर अपनी जान गंवाते रहेंगे। कश्मीर में मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा टारगेटेड किलिंग का खूनी खेल कोई अप्रत्याशित नहीं है। मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा कश्मीर से हिन्दुओं को खदेड़ने का प्रथम लक्ष्य था, जिस पर वे आज भी कायम है। यह नीति आईएसआई की थी और आईएसआई ने इस नीति को अपने मोहरे मुस्लिम आतंकवादियों से लागू कराने का काम किया। 1980 से लेकर 1990 के दौर में जब कश्मीर में मुस्लिम आतंकवाद ने सिर उठाया था तब कश्मीरी हिन्दुओं को ही निशाना बनाया गया था। मस्जिदों से सरेआम एलान होता था कि हिन्दू कश्मीर छोड़ दें या फिर मुसलमान बन जायें, हम बन्दूक के बल पर हिन्दुओं का नरसंहार कर सफाया कर देंगे, फिर हम पाकिस्तान में मिल कर इस्लाम का परचम लहरायेंगे। उस दौर में भारत की सत्ता पर राज करने वाले शासक बहुत ही कमजोर अदूरदर्शी थे, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि उनकी धार्मिक दृष्टि बहुत ही घृणित और एकांगी थी। शासकों पर मजहबवाद हावी था। उदाहरण के लिए राजीव गांधी, वीपी सिंह, देवगौड़ा, गुजराल के नाम लिये जा सकते हैं।

राजीव गांधी कश्मीर की समस्या को लेकर उदासीन थे और भ्रमित थे, उनमें मुस्लिम आतंकवादियों को सबक सिखाने की दृष्टि नहीं थी, वे शाहबानों मामले में मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगोश में कैद हो गये थे। जबकि वीपी सिंह अति मुस्लिम सोच के शिकार थे और अपने गृहमत्री मुफ्ती मोहम्मद सईइ के चाल में फंसे रहें। मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी के अपहरणकांड में वीपी सिंह की कमजोरी साफथी और मुस्लिम आतंकवादियों की संतुष्टि की नीति राष्ट्र के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हुई। गुजराल और देवगौड़ा की राजनीतिक हैसियत बहुत ही सीमित थी, इसलिए वे सिर्फसत्ता चलाने की खानापूर्ति करते थे। पीवी नरसिंह राव के मंत्रिमंडल में एक मंत्री भेदिया था जो अग्रिम सूचना अमेरिका तक पहुंचा देता था। सिर्फ तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन ने मुस्लिम आतंकवादियों की हिन्दुओं के संहार करने की नीति के खिलाफ सख्ती दिखायी थी। जगमोहन को अफवाह और मजहबी साजिश का शिकार बना कर बदनाम किया गया था।

धारा 370 के हटने के बाद बौखलाहट बढ़ी हैं। बौखलाहट सिर्फ मुस्लिम आतंकवादियों के अंदर ही नहीं बढ़ी है बल्कि बौखलाहट तो पाकिस्तान-आईएसआई की बढ़ी है, बौखलाहट तो कश्मीर के मुस्लिम राजनीतिक दलों में भी

बढ़ी है। जब मुस्लिम आतंकवादियों और विखंडनकारियों की कुइच्छा की पूर्ति नहीं होगी है, जब उनकी हिंसा पर जवाब मिलेगा, जब उनकी हिंसक सक्रियाएं कूचली जाने लगेगी तो फिर उनके अंदर हताशा, निराशा और बौखलाहट बढनी स्वाभाविक है। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि खासकर मुस्लिम आतंकवादी संगठनों की कूइच्छाएं क्या थी जो कूचली गयीं। वास्तव में पाकिस्तान, आईएसआई, मुस्लिम आतंकवादी संगठनों और कश्मीर की मुस्लिम पार्टियों को यह उम्मीद थी कि अगर भारत सरकार धारा 370 हटायी तो कश्मीर में विद्रोह होना निश्चित है, कश्मीरी बगावत पर उतर आयेंगे, पाकिस्तान भारत पर हमला कर देगा, दुनिया के लगभग 60 मुस्लिम देश भारत की गर्दन मरोड़ देगे। इस प्रकार कश्मीर भारत से अलग हो जायेंगा। पर उन्हें यह मालूम नहीं था कि भारत की सत्ता पर राजीव गांधी नहीं, वीपी सिंह नहीं, पीवी नरसिंह राव नहीं, देवगौड़ा नहीं, गुजराल नहीं, अटल बिहारी वाजपेयी नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी बैठा है जो न केवल देश की एकता और अखंडता के प्रश्न पर दृढ़ निश्चियी है बल्कि कठोर भी है और हिंसक प्रतिक्रिया देने से भी पीछे नहीं हटता है। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद की शेष कहानी जगजाहिर ही है। जब सरकार की हनक बढ़ती है, दृढ़ता बढ़ती है, अपने नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी बढ़ती है तब विश्वास बढ़ता है। नरेन्द्र मोदी सरकार से पूर्व की सरकारों का कश्मीर में न तो हनक होती थी और न ही दृढ़ता होती थी, अपने नागरिकों की सुरक्षा का भाव भी नहीं होता था। कहने का अर्थ है कि कश्मीर में हिन्दू सिर्फ अपने भाग्य भरोसे किसी तरह जिंदा थे, जिन पर हिंसा के लपटें कभी भी उठ सकती थी और शिकार कर सकती थी। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने निश्चित तौर पर कश्मीर में हिन्दुओं को सुरक्षा का विश्वास दिया है। यही कारण है कि कश्मीरी हिन्दू अच्छी संख्या में घाटी में लौटे हैं और अपनी खेती तथा व्यापार में लगे हुए हैं। खासकर धर्म स्थलों की सुरक्षा और रौनक भी बढ़ी है। भारत सरकार की पुर्नवास नीति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। पुर्नवास नीति के तहत वैसे हिन्दू परिजनों को सहायता मिली है जिनके सदस्यों की हत्या हुई थी या फिर जिनकी संपत्तियों का संहार मुस्लिम आतंकवादी संगठनों ने किया था। आज स्थिति यह है कि हिन्दू संख्या में कम जरूर हैं पर कश्मीर में दृढ़ता के साथ जमें हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कश्मीर के हिन्दुओं को सरकार के साथ ही साथ देश की जनता का साथ भी मिल रहा है।

मुस्लिम आतंकवादी संगठनों ने यह मान लिया कि अब आतंकवादी हिंसा के बल पर भारत को झुकाया नहीं जा सकता है, भारतीय सुरक्षा बलों के इरादों को तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है। भारतीय सुरक्षा बलों की मजबूत सक्रियता के कारण मुस्लिम आतंकवादी सरगनाएं मारे भी जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इनकी नीति सिर्फ यही है कि डर-भय का वातावरण तैयार करना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए प्रचार पाना तथा भारत सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाना। इसी लिए टारगेटेड किलिंग बढ़ती जा रही है। हिन्दू हथियार विहीन हैं, संख्या में भी कम है। इसलिए उनके नाम पूछ कर हत्या करने में उन्हें आसानी होती है। इसके पीछे एक चाल यह भी है कि अगर कश्मीर से हिन्दुओं को पूरी तरह से खदेड़ दिया जाये तो फिर उनकी आतंकवादी नीति काफी सुरक्षित हो जायेगी, उनके छुपने के लिए सुरक्षित जगह मिल सकती है। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों की हत्या के पीछे भारत सरकार की विकास योजनाओं की गति को रोकना है। भारत सरकार ने कश्मीर के विकास के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं।

कविता

नाटो का विस्तार और भारत

'नाटो' नामक सैन्य संगठन में अब यूरोप के दो नए देश भी जुड़नेवाले हैं। ये हैं- फिनलैंड और स्वीडन। इस तरह 1949 में अमेरिका की पहल पर बने 15 देशों के इस संगठन के अब 32 सदस्य हो जाएंगे।



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यूरोप के लगभग सभी महत्वपूर्ण देश इस सैन्य संगठन में एक के बाद एक शामिल होते गए, क्योंकि शीतयुद्ध के जमाने में उन्हें सोवियत संघ से अपनी सुरक्षा चाहिए थी और सोवियत संघ के खत्म होने के बाद उन्हें स्वयं को संपन्न करना था। फिनलैंड, स्वीडन और स्विटजरलैंड जान-बूझकर सैनिक गुटबंदियों से अलग रहे लेकिन यूक्रेन पर हुए रूसी हमले ने इन देशों में भी बड़ा डर पैदा कर दिया है। फिनलैंड तो इसलिए भी डर गया है कि वह रूस की उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। रूस के साथ उसकी सीमा 1340 किमी की है, जो नाटो देशों से दुगुनी है। फिनलैंड पर हमला करना रूस के लिए यूक्रेन से भी ज्यादा आसान है। यूक्रेन की तरह फिनलैंड भी रूसी साम्राज्य का हिस्सा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग से मास्को जितनी दूर है, उससे भी कम दूरी (400 किमी) पर फिनलैंड है। द्वितीय महायुद्ध के बाद फिनलैंड तटस्थ हो गया लेकिन स्वीडन तो पिछले 200 साल से किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। अब ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहते हैं, यह रूस के लिए बड़ा धक्का है। उधर दक्षिण कोरिया भी चौगुटे (क्वाड) में शामिल होना चाह रहा है। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं– नई वैश्विक गुटबाजी के! रूस और चीन मिलकर अमेरिका को टक्कर देना चाहते हैं और अमेरिका उनके विरूद्ध सारी दुनिया को अपनी छतरी के नीचे लाना चाहता है। यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता के लिए अर्जी डालेंगे तो भी उन्हें सदस्यता मिलने में साल भर लग सकता है, क्योंकि सभी 30 देशों की सर्वानुमति जरुरी है। नाटो के महासचिव ने इन दोनों देशों का स्वागत किया है लेकिन मास्को ने काफी सख्त प्रतिक्रिया दी है। रूसी प्रवक्ता ने कहा है कि नाटो का यह विस्तार रूसी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। रूस चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी कार्रवाई करेगा। वह फौजी, तकनीकी और आर्थिक कदम भी उठाएगा। रूस ने धमकी दी है कि वह फिनलैंड को गैस की सप्लाय बंद कर देगा। वह बाल्टिक समुद्र के तट पर परमाणु प्रक्षेपास्त्र तैनात करने की भी तैयारी करेगा। इन सब धमकियों को सुनने के बावजूद इन देशों की जनता का रूझान नाटो की तरफबढ़ रहा है। इनकी 70-80 प्रतिशत जनता नाटो की सदस्यता के पक्ष में है, क्योंकि नाटो चार्टर की धारा 5 कहती है कि नाटो के किसी एक सदस्य पर किए गए हमले को सभी तीसों सदस्यों पर हमला माना जाएगा।

राजकुमार सिद्धार्थ कैसे बन गए महात्मा बुद्ध?

योगेश कुमार गोयल

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे।

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। दरअसल माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, ''यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?''

सारथी ने बताया, ''यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।''

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और

उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

(लेखक 32 वर्षों से साहित्य और पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी विवश मत करना किसी नदी

कभी विवश मत करना किसी नदी को सागर हो जाने के लिए। नदी जब तक नदी है तुम्हारी है। किन्तु सागर होते ही हो जाएगी नमकीन और खारी भी। फिर तुम उसे पी नही पाओगे जी भी नही पाओगे ।

ममत अमर

खास पाती | लोग मिलते हैं मिलते ही रहते

लोग मिलते हैं मिलते ही रहते है यह मिलने-जुलने की परंपरा जीवन-पर्यन्त चलता ही रहता है बस मिलने वालों के समय-समय पर चेहरे बदलते रहते हैं कुछ तो मिलकर कहीं खो जाते हैं कभी मुलाकात नहीं होती दुबारा यूँ कह लें यह मुलाकात भीड़ जैसी है पर होते हैं कुछ लोग एकांत और शांत झील की तरह जिनसे मिलना और मिलकर यादों में बसा लेना दिल को सुकून देता है कोशिशें करता है मन उनसे बार-बार मिलने की प्रकृति द्वारा निर्धारित ये लगाव दिल में एहसासों को सिंचित करता है और सच माने तो! इस आत्मीय रिश्ते में हर कोई बंधा होता है किसी न किसी से और जीता है ताउम्र भीनी-भीनी मुस्कुराहटों के साथ।

बबली सिन्हा वान्या

स्मृतियों में खो जाना अच्छा

स्मृतियों में खो जाना अच्छा लगता है, दर्द पीकर भी मुस्कुराना अच्छा लगता है! आँखों से छलका खारापन देता मिठास, गमों के साथ गुनगुनानाअच्छा लगता है! चुपके से ख्वाबों की दहलीज से गुजरना, बरबस ठिठक जाना अच्छा लगता है !!

–राज चुन्नी शर्मा

परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं

परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं होती बल्कि हमें परिस्थिति के अनुकूल होना पड़ता हैं इसी का नाम जिन्दगी हैं मेरे जिन्दगी वरन मर्यादा पुरुषोत्तम राम को किसी चीज की कमी नहीं थी फिर भी उन्हें वन में रहना पड़ा परिस्थितियों से ही हमें हर बार सीख मिलती हैं जो समय रहते सब समझ सीख लिया वही अग्रसर रहा सदैव।

सोनू कुमार आकाश

दो झुके नयनों ने जो दिनभर किया

दो झुके नयनों ने जो दिनभर किया संवाद लेकर मैं अयोध्या लौट आया लखनऊ से याद लेकर तीन झुमका,चार बोसा,पांच झप्पी,आठ कंगन रख दिया है पर्स में पूरा अमीनाबाद लेकर।

जतीन शुक्ला

तुम्हारी आँखों में मेरे उल्लास

तुम्हारी आँखों में मेरे उल्लास के सूरज उगते हैं कदम तुम्हारे, मेरी यात्राओं को नव आयाम देते हैं तुम्हारी उदासी नम कर देती है पलकें मेरी.. तुम्हारे सुख मेरे सुख को नव विस्तार देते हैं। **सरिता त्रिवेदी**

वरद हस्त सानिध्य आपका सदा

वरद हस्त सानिध्य आपका सदा हम पर बनाए रखना वंचित न हों भक्ति साधना से प्रीत अनुकम्पा का ध्यान रखना ! चहु ओर गुंजन ही श्रद्धा का ऐसा सुखमय वरदान दना पुष्प तुम्हारा नाम जपे जब स्थितियों को सम्भाल रखना!

पुष्पा त्रिपाठी

सोच रह थी कुछ यूँ ही बैठे-बैठे

सोच रह थी कुछ यूँ ही बैठे-बैठे ये जो हम नारी की आजादी शोषण इत्यादि पर बात करते हैं पूरुषों का विरोध करते हैं पर क्या सच !!! हम उनका विरोध करते हैं हम ही तो तो उनकी मंगल कामना करते हैं उनकी लम्बी उम्र के लिए पूजा व्रत और उपवास भी करते हैं तो फिर विरोध किसका करते हैं पूरुष का या खुद का नहीं उनके द्वारा किए गये अतिक्रमण का पर क्या सच!!! हम उनका विरोध कर पाते हैं शायद नहीं... तभी तो वो हम पर हमारी सोच पर हमारे जीवन पर राज करते हैं हम ऊपर से विरोध तो करते हैं पर मन के किसी कोने से उन्ही पूरुषो की मंगलकामना भी करते रहते हैं कैसी दोहरी सोच है एक दो धारी तलवार सी इधर चली तो भी कटी उधर चली तो भी कटी बस एक सोच। **डेज़ी जासवाल**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) किस राज्य द्वारा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए सुषमा स्वराज पुरस्कार नामक एक नए पुरस्कार के निर्माण की घोषणा की गई?

2) किस संस्थान ने दुनिया का पहला वन्यजीव संरक्षण बॉण्ड जारी किया?

3) भारत में किस बैंक ने एशियन बैंक ऑफद ईयर 2021 के लिए आईएफआर एशिया पुरस्कार जीता?

4) भारत द्वारा 17 मार्च, 2022 को किस देश को 1 अरब डालर की ऋण सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी गई?

5) रॉबर्ट अबेला को किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुना गया?

उत्तरमाला-(1) हरियाणा (2) विश्व बैंक (3) ऐक्सिस बैंक (4) श्रीलंका (5) माल्टा

आज का इतिहास

नयी दिल्ली। भारत एवं विश्व इतिहास में 16 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1606 रूस में दो हजार विदेशी नागरिकों की हत्या। 1875 वेनेजुएला और कोलंबिया में आये भूकंप से लगभग 16 हजार लोगों की मौत। 1877 फ्रांस में राजनीतिक संकट शुरू 1881 बर्लिन के पास लिस्टरफेलडर में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम सेवा की शुरुआत। 1911- कलकत्ता (अब कोलकाता) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था। 1920- फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी। 1929 दुनिया भर में ऑस्कर पुरस्कारों के नाम से प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड की शुरुआत। 1943- वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई खत्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था। 1960 भारत और इंग्लैड़ के बीच टेलेक्स सेवा की शुरुआत। 1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए। 1975 सिक्किम देश का 22वां राज्य बना। 1991 महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने वाली पहली ब्रिटिश साम्राज्ञी बनीं। 1996 अटल बिहारी वाजपेयी भारत के 10वें प्रधानमंत्री बने। 1999 दक्षेस का वर्ष 2002 में होने वाला शिखर सम्मेलन थिम्पू में कराये जाने की घोषणा हुयी। 2004- टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता।

सार-समाचार

बृजपुर क्षेत्र में चल रहीं हीरा की अवैध खदाने

पन्ना। खनिज मंत्री के गृह जिले में हीरा माफिया निडर लग रहा है। जिसका उदाहरण बृजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामो के आस पास जहां पर हीरा की उत्थली खदाने है उक्त स्थानो पर बेधडक रूप से दर्जनो एलएनटी, जेसीबी, पोकलेन मशीने हीरा का चाल खोदने मे लगी हुई है। यह पहली बार नही है, इस क्षेत्र मे गर्मीयों के मौसम मे प्रत्येक वर्ष अवैध रूप से मशीनों द्वारा वर्षात के पूर्व हीरा धारित चाल लोगो द्वारा खोदकर रखवा लिया जाता है तथा वर्षात मे उक्त चाल को धो कर हीरा निकाले जाते है। हीरा विभाग द्वारा 8 बाई 8 का हीरा खदान चलाने का पट्टा दिया जाता है जिसमे मशीनो से खदाने खोदाने पर कोई प्रावधान नही है उसके बावजूद उत्थली खदानो के नाम पर लंबी चौडी 50 फुट गहरी खदाने हीरा माफियाओ द्वारा खोदवाई जाती है तथा क्रेशर मशीनो के माध्यम से उक्त हीरा चाल को पीसकर हीरा निकालने का कार्य किया जाता है। जिले से खनिज मंत्री होने के बावजूद आज तक हीरा खदान के संबंध मे कोई नीति नही बनाई गई हैं। जबकी यह मांग लगातार लोगो द्वारा की जाती रही। हीरा खदानो के लिए क्षेत्र का विस्तार होना चाहीए जिससे अधिक से अधिक लोग उत्थली हीरा खदाने लगाकर हीरा के व्यवसाय मे आगें आ सकें। लेकिन उस दिशा मे काम न करके अवैध रूप से वन्य तथा अन्य क्षेत्रो मे चोरी छिपे हीरा खदाने लोगो द्वारा संचालित की जा रही है। सिरस्वाहा बांध, बनने के बावजूद तथा लोगो द्वारा मुआवजा ले लेने के बावजूद बांध के अन्दर व्याप्क स्तर पर मशीनो के द्वारा हीरा खोदाई की जा रही है। हीरा खदाने इंटवा खास, रमखिरिया, अमला, भरकन, सिरस्वाहा, हाटूपुर, सिरस्वाहा छोटी नदी के पास, ख़िरवा, गहरा, भीमपार, इटावाखास, किटहा सहित अनेक स्थानो पर खुले आम अवैध हीरा की खदाने चल रही है।

रानीबाग-टगरा में भीषण जल संकट, पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे लोग

पन्ना। जिले मे लगातार भीषण जल संकट बढता जा रहा है लोग पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए मजबूर है। पन्ना जिला मुख्यालय से लगें ग्रामो की स्थिती बदतर है कुछ ग्राम नगर पालिका क्षेत्र मे आने के बावजूद नगर पालिका द्वारा पानी की माकूल व्यवस्था नही की गई है। जिससे रानीबाग, टगरा के लोग परेशान है। यहां के लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं और नहाने के लिए बाईपास रोड में स्थित कमलाबाई के ताल का पानी भरते हैं, जहां का पानी वर्तमान में जलकुंभी और तालाब में गंदगी की वजह से प्रदूषित हो चुका है, यहां के लोगों का कहना है कि जब से बस्ती में नई पाइप लाइन डली है तब से जल समस्या उत्पन्न हो गई है, वर्तमान में लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, क्योंकि ग्राम पंचायत या नगरपालिका द्वारा पानी का टैंकर भी नहीं पहुंचाया जाता प्राइवेट टैंकर से 3 रुपये प्रति डब्बा पानी मिलता है जो मजदूर वर्ग के लोगों की पहुंच से दूर है और वह तालाब का पानी भरने को मजबूर हैं।

अजयगढ़ पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

पन्ना। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी अजयगढ़ के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अजयगढ़ पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर लौलाश तिराहा पर एक घर में छापामारी की गई जहां भूसे के ढेर में छिपाकर रखी गई 54 लीटर अवैध अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब के साथ एक 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है, मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि लौलाश तिराहा के पास एक युवक द्वारा बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी और बिक्री की जा रही है, सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर कार्रवाई की गई और अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 246/22 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई, कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर, एएसआई रामगोपाल दुवेदी, बीएम सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक आइमत सेन, मनीष, राजेश, आरक्षक सुशील, कमलेश, सुधीर, प्रमोद पाल, महिला आरक्षक यज्ञवती की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

बच्ची को पुलिस ने तत्परतापूर्वक किया बरामद

पन्ना। फरियादी रामदास अहिरवार निवासी रगौली चौकी करतल थाना नरैनी द्वारा थाना अजयगढ़ में सूचना दी गई कि आज मैं अपनी 5 साल की भतीजी के साथ अजयगढ़ बाजार आया था। बाजार में मैं एक दुकान में सामान लेने लगा, बच्ची वहां से कुरकुरे लेने के बहाने थोड़ी दूर चली गई थोड़ी देर बाद जब मैंने आसपास देखा तो मेरी भतीजी दिखाई नहीं दी मैंने काफी देर उसको खोजा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर द्वारा उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीना को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की जाकर नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए बाजार में सर्चिंग अभियान चलाया तथा अपने वाहन से अनाउंस कर बच्ची की हुलिया तथा पहने कपड़ों के बारे में बताकर जनता से गुमी बच्ची के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित किए जाने की अपील की गई। पुलिस टीम द्वारा आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज का भी सहारा लिया गया। लगातार 2 घंटे की कड़ी सर्चिंग के दौरान पुलिस टीम को उक्त बच्ची माधवगंज रोड के पास एक पेड़ के पास छांव में बैठी मिली।

मूंग पर पानी छिड़ककर गुणवत्ता को किया जा रहा नष्ट!

पिछोर। मध्य प्रदेश सरकार माध्यमिक शाला तक के बच्चों को खड़ी मूंग का वितरण करवा रही है । शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों पर इस मूंग का वितरण होना है इस बीच मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी हुई थी वहीं मूंग प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के मध्यान भोजन कार्यक्रम के तहत बच्चों को मूंग बांटी जाएगी। मूंग का वितरण जिले की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से होगा।

जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी राशन दुकानों पर मूंग की सप्लाई जारी कर दी है लेकिन लेकिन जहां पिछोर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर वेयरहाउस से मूंग का परिवहन किया जा रहा है तो वह मूंग को गोदाम प्रभारी व परिवहन करता बालाजी ट्रांसपोर्ट की मिलीभगत से मूंग पर पानी छिड़काव कर गिला किया जा रहा है जिससे मूंग का वजन बढ़ जाए और लेकिन पानी छिड़काव से मूंग की गुणवत्ता नष्ट हो रही है । वहीं मूंग शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर भेजी जा रही है वह मूंग इसलिए भेजी जा रही है गीली करके उसका वजन ज्यादा बढ़ जाए और जो बचेगी उसको बढ़े दामों में मार्केट में खपा दिया जाएगा।

जिससे शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के सेल्समेनों को चूना लगाया जा रहा है जिससे सेल्समैनो काफी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब वह मूंग शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचती है तो वह चार-पांच दिन में उसका वजन कम हो जाता है और वह मूंग जब कम हो जाएगी तो सभी बच्चों को वितरित नहीं हो पाएगी।

इनका कहना है

खाद्यान्न की दुकानों पर गोदाम प्रभारी व परिवहन कर्ता की मिलीभगत से मूग पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है जिससे मूंग का वजन बढ़ जाए और वही गीली मूंग दुकानों पर भेजी जा रही है जिससे वह चार-पांच दिन मैं रखी रखी मूंग का वजन कम हो जाता है तो वह मूंग वितरित करने में समस्या आएगी जो मुंग कम हुई है उसका घाटा हमें झेलना पड़ेगा।

जाकिर खान सेल्समेन

जब इन से फोन पर संपर्क किया तो इन्होंने जवाव हिचकिचाते हुए दिया की में अभी बहार हु हां जो भी मूंग गीली है वह रायसेन से आई हुई है , रिकॉर्ड में दर्ज है।

आर डी शर्मा गोदाम प्रभारी

27 व 28 को आयोजित होगा जिला स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला : एचपी सिंह

हरदा । जिला मीडिया प्रभारी आई तिग्गा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केन्द्र व राज्य शासन के निर्देषानुसार जिला प्रषासन के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय हरदा में 27 व 28 मई को दो दिवसीय निःषुल्क स्वास्थ्य मेंला आयोजित होगा। मेला प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जावेगा ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच.पी.सिंह ने बताया कि उक्त मेले में चिकित्सको द्वारा चिन्हाकित किये गये मरीजो का उपचार किया जावेगा । पिछले माह विकास खण्डो में 18 से 21 अप्रेल 2022 के मध्य ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेलो का आयोजन किया गया था।इसमें चिकित्सको की मोबाईल टीम ने कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न बिमारियो से ग्रसीत मरीजो को चिन्हाकित कर उन्हे उच्च चिकित्सा संस्थाओ के लिए रेफर किया गया था। स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के विषेषज्ञो द्वारा सेवाऐं दी जावेगी। जिसमें किडनी संबंधी रोग, लीवर संबंधी रोग, न्योरोलॉजी, हृदय रोग, सर्जिकल, मेडिकल, स्त्री रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग, दंत रोग,क्षय रोग,चर्म रोग,हडडी रोग,कुष्ट रोग,संचारी रोग,(उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर) एवं मानसिक रोग ,जन्मजात विकृति, बच्चो में बेहरापन एवं सामान्य विकास में विकार संबंधी रोग आदि विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा निःषुल्क जॉच,सभी परिक्षण लेबोरेटरी जॉच तथा आवष्यक दवाईयॉ निःषुल्क वितरण किया जावेगा। ऐसे रोगी जिन्हे उपचार के लिए रेफर करने की आवष्यकता होगी उन्हे उचित परामर्ष के साथ रेफर किया जावेगा। मेले मे पोषण आहार, स्वच्छता, बिना चीरा बिना टाका नसबंदी एवं परामर्ष भी दिया जावेगा। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आई.डी. ,स्वास्थ्य मेले में निःषुल्क बनाये जावेगे। जो भी पात्र परिवार ने अपना आयुष्मान कार्ड नही बनवाया वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकेगे। सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना एसईसीसी 2011 में सम्मिलित पात्र परिवार ,संबल योजना कार्डधारक परिवार,खाद्यान पर्ची (ई-राषन कार्ड) धारक परिवार पात्र हितग्राही है। पात्र हितग्राहीयो के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आवष्यक दस्तावेज- परिवार समग्र आईडी,राषन

नेशनल लोक अदालत में 8 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित

धार। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के संयुक्त तत्वधान मे प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष श्री अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर धार एवं तहसील न्यायालय कुक्षी , धरमपुरी, मनावर ,सरदारपुर, बदनावर ,में इस वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

लोक अदालत का उद्घाटन ए.डी. आर. सेन्टर धार में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री धीरेंद्र सिंह, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालीन कर्मचारीगण,विभिन्न बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मुकेश कौशल द्वारा किया गया, तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव /जिला न्यायाधीश सचिन कुमार घोष द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सचिव श्री सचिन कुमार घोष द्वारा बताया गया कि आज आयोजित की गई लंबित 7585 केस नेशनल लोक अदालत मे राजीनामा योग्य रखे गए थे।जिसमें 429 मामलों का निराकरण आपसी सहयोग समझौता के आधार पर किया गया, जिसमें 1262 व्यक्ति लाभान्वित हुए व (आठ करोड़ इक्कीस लाख अठारह हजार नो सो चार रुपए) के अवार्ड पारित किए गए, साथ ही 343 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया ,जिसमें कुल 86 लाख 52 हजार से अधिक राशि की वसुली हुई। तथा 288 व्यक्ति लाभान्वित हुए। कुटुंब नयायालय के दो वर्षो से लंबित प्रकरण चल रहा था जिसमे पति- पत्नी दो साल से अलग अलग रह रहे। माननीय न्यायधीश श्री धीरेंद्र सिंह ने दोनों पति- पत्नी को समझा कर राजी खुशी समझौता करवाकर खुशी खुशी अपने घर रवाना किया लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों के पक्षकारों को वन विभाग धार की ओर से न्याय वृक्ष के रूप में फलदार पौधे वितरण किए गए तथा स्वास्थ्य विभाग धार द्वारा निशुल्क शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई।।

आपसी मनमुटाव भुला कर साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी

धार। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि धार निवासी एक महिला ने अपने पति के खिलाफ धारा 125 के अंतर्गत भरण पोषण के लिए कुटुंब न्यायालय धार वाद दायर किया था महिला की शादी 24 अप्रैल 2015 इंदौर निवासी आशिक के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी तीन चार साल तक दोनों की जिंदगी अच्छी से और उनके मध्य मधुर व्यवहार रहे। और उनके दो बच्चे भी हुए। एक पुत्र एक पुत्री लेकिन दोनो के मध्य छोटी छोटी बात को लेकर पति पत्नी में आपसी मनमुटाव हो गया जिसके चलते महिला धार में अपने मायके मैं आकर रहने लगी। 2 साल तक पति -पत्नी अलग अलग रहने लगे।परिवार व समाज के लोगो ने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किये किंतु, दोनो पक्ष साथ रहने को तैयार नही हुए।इस बीच फरयादी ने अपने दो बच्चों सहित भरण पोषण के लिए कुटुंब न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया।प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय माननीय धीरेंद्र सिंह द्वारा दोनो पक्षो चर्चा कर और मासूम बच्चों के भविष्य के लेकर आपसी मत भेद भुलाकर साथ रहने के लिए समझाया गया, जिससे दोनो पक्ष आपसी मन मुटाव भुलकर राजी खुशी से साथ साथ रहने को सहमत हो गए। प्रभारी प्रधान न्यायाधीश माननीय अशोक कुमार शर्मा,प्रथम जिला न्यायाधीश माननीय आलोक कुमार मिश्रा,तथा सचिव श्री सचिन कुमार घोष की उपस्थिति में दंपति ने एक दूसरे को माला पहनाकर गले लगाया।

'पंछी बचाओ प्रकृति बचाओ' के लिए लगाए जलपात्र

हरदा । हिन्दू उत्सव समिति द्वारा %पंछी बचाओ प्रकृति बचाओ अभियान% के तहत वार्डो में पंछियो के लिए की जा रही दाना पानी की व्यवस्था के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 विभिन्न स्थानों पर मिट्टी निर्मित जलपात्र लगाए गए । राकेश पाठक , विवेक बादर ने बताया कि नगर के सभी वार्डो में पंछियों के लिए दाना पानी जलपात्र सकोरे लगाये जाएंगे । जिससे इस भीषण गर्मी में पंछियो को राहत मिलेगी। इस पुनीत कार्य में वार्ड एक पूर्व पार्षद विवेक बादर, , राकेश पाठक, राज शर्मा,कैलाश कुचबंदिया, अमित कुचबंदिया, राजू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

पेयजल की व्यवस्था में जुटे समाजसेवी

भोपाल। जबलपुर- रांझी मानेगांव क्षेत्र के नगर निगम द्वारा 5 वार्डो में नलों में पीला पानी आने से लगभग 1 महीनों से लोग परेशान हैं। जो इस पानी का उपयोग घरेलू कामों में करते हैं। यहां पीने के पानी की भारी दिक्कत होने की वजह से कैंट विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता समाजसेवी आलोक मिश्रा एवं समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा निजी बोरिंग से पानी भरकर टैंकर द्वारा इन जल अभावग्रस्त क्षेत्रों में भिजवाया जा रहा है। विगत 1 माह से नगर निगम द्वारा पानी को साफ करने के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। भीषण गर्मी के कारण लोग पानी के लिये वैसे भी परेशान हैं। नगर निगम द्वारा टैक्स लेने के बाद भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक बनकर लोगों को गुमराह करते हैं और जनता की मूलके कारण यहां लोगों को पेयजल की विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवियों को इस जल संकट की सूचना मिलने पर ही उनके द्वारा तत्परतापूर्वक टैंकर से पानी की यह व्यवस्था कराई जा रही है, जिस पर प्रभावित लोग इस नेक काम की तारीफ कर रहे हैं।

जूही सिंह का सिविल जज में हुआ चयन, बधाइयों का लगा तांता

झाबुआ। हाल ही मे सिविल जज का अन्तिम परिणाम घोषित हुआ ग्वालियर निवासी जूही सिंह पिता श्री एम सिंह का चयन हुआ। परिणाम प्राप्त होते ही माता पिता इस्ट मित्र भाई बहन रिश्तेदारो का बधाई सदेंश देने के लिए घर पर ताता लग गया। सिविल जज मे चयन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। सिविल जज की पढ़ाई इंदौर से की विगत दो वर्षो से 1 व 2 नम्बर से सिलेक्शन होते होते रूका लेकिन कठिन परिश्रम और मेहनत के साथ इस वर्ष परीक्षा देकर लक्ष्य को हासिल किया।

प्रशासनिक कार्यवाही की दरकार

सहकारिता विभाग का एक और आडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

झाबुआ। जिले की सहकारी समितियों में बड़े पैमाने पर व्याप्त कुप्रबंधन थमने का नाम ही नहीं ले रहा है और यही वजह है कि शासन की सहकारिता आंदोलन की जो मंशा है, उसके विपरीत हो रहे कार्यो पर प्रशासन भी अंकुश लगाने में नाकाम सिद्ध होता दिखाई दे रहा है जिसके चलते आये दिन नये किस्से सामने आ रहे है, जो सहकारीता को खोखला करने के संकेत दे रहे है। सहकारिता से जुड़ा एक और मामला गुरुवार को सामने आया है, जिसमें शोसल मीडिया पर एक आडियों वायरल हुआ है। आडियों में हुई बातचीत से पता चलता है कि यह आडियों कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के कार्यकाल का है। है। जिसमें सहकारीता से जुड़ा एक अधिकारी एक कर्मचारी को अपने असूल पर चलने और कमीटमेंट का पक्का बताकर बादशाह बनाने की बात कह रहा है। वायरल आडियों की शुरूआत में भारत नाम का व्यक्ति एक अधिकारी को नमस्कार करते हुए कहता है कि मैं यहां सौफे के शोरूम पर आया था और केटलॉक लिए थे और जो बैंच अपनने देखी थी वह तीन दिन बाद आयेगी। अधिकारी- दो बैंच का आर्डर कर दो, भारत- तीन दिन बाद आयेगी, अधिकारी- मेरी बात सुन भाई मैं कुछ मुद्दों में अपने असुल पर चलता हूं, दो बैंचों का पैसा मैं ही दूगां । अधिकारी- तुम केटलॉक भारत वाट्सअप कर दो। भारत- वाट्सअप कर दूंगा या लेकर आउ यह सोच रहा था। अधिकारी- मैं इंदौर आ गया खाली बैठा हूं, फोटों देखता रहूगां मेरा मन लगेगा भारत- ठीक ठीक। अधिकारी इसी लडके से कह दो की एक एक अच्छा फोटो खिचकर वाट्सप कर दे। भारत मैं कर देता हूं वाट्सअप । अधिकारी- खासकर गार्डर चेयर। अधिकारी और सुना वो संचालक मंडल को निपटाने के पहले। भरत जी साहब। अधिकारी संचालक मंडल से रिव्यू करवाउगा इसको। भारत आप जैसा आदेश करो, जैसा आपकों उचित लगे। अधिकारी भारत एक बात पर विश्वास कर शैलेंद्रसिंह शैलू तुमकों लेकर आया था। भारत- जी जी साहब। अधिकारी- उसके बाद से क्या मैं संबंध बहुत निभाता हू। भारत - जी साहब। अधिकारी एसपी नवनीत जैन जो है ना कल तुम्हारे खिलाफएक्शन ले लेता, पक्की बात बता रहा हूं। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहूंगा, मैंने सब पता कर लिया है। भारत अधिकारी अंतिम बाला भी गई थी उनके बंगले पर और किसी लड़की का एसी के सामने रो देना याने एसपी पांच मिनिट में गिरफ्तार करवा देते, इससे ज्यादा मैं कुछ नही कहूंगा। भारत जी साहब। अधिकारी अभी इन लोगों के खिलाफ ना कोई बात करना और ना कुछ करना। भारत मैं बिल्कुल चुप हूं, सब आपके ऊपर साहब। अधिकारी- हम क्या कह रहे समझ रहे समय रहता है जीवन में हर किसी का, इसलिए समय तुम्हारा खराब चल रहा है मुझ पर विश्वास मानों तुम तुम उस लड़की को समांत कोई रिएक्शन मत करना। कुछ भी मत करना। तुम्हारी उससे कोई दुश्मनी नही तो वह शांत रहेगा। भारत जी साहब मैं बिल्कुल साइलेंट हूं। मैं कोई बात ही नहीं कर रहा। उसके मामले में क्या करा क्या नहीं करा कुछ भी नही बोलता। अधिकारी- तुम लोग भटक जाते हो। मामला प्रशासनिक रूप से बहुत संवेदनशील हैं। इसको डेलूट करने में मुझे 6-7 दिन लगेगा। प्रशासन वाला सिस्टम यह चाह रहा है कि उन्हें सब रेडिमेंट मिल जाय और गिरफ्तार कर ले और अखबार में खूब छप जाय कि कमलनाथ की मुहिम ने हमने यह किया। बहुत खतरनाक मुहिम द्य इंदौर में तो हद हो गई यार रोज कोई गिरफ्तार हो रहे है। ठीक है। बात उसकी नहीं है जो हमने तुम से की है। लाख दो लाख का कोई इश्यू नही है। इश्यू यह है कि बहुत बडी कृपा आ गई है मै पहुंच गया पूरा कागजात अपने पास ले आया। भारत- जी साहब मुझे विश्वास है। कि आपकी मेहरबानी से उपर वाला ना चाहे, आप पूरी तरह बचा लेगे, यह मुझे पूरा विश्वास है। अधिकारी- मैं कमिटमेंट का बहुत पक्का हूं। 20 तारिख को मेरा कमीटमेंट देखना। भारत बिल्कुल साहब उसकी और से आप निश्चित हो जाय साहब, आपकों बोलने की जरूरत नही पडेगी और आगे भी कोशिश करूंगा। अधिकारी- बस तो तुम समझों को देवझिरी सोसायटी के राजा रहे हो तो ठीक है तुम्हे बादशाह बना दूंगा। भारत बहुत बहुत धन्यवाद साहब आपकों। आपके मुंह में घी शक्कर। सहकारिता विभाग से जुड़े इस आडियों को वायरल होने के बाद उसे लोग चटकारे लेकर सुन रहे है। अब देखना है कि इसके बाद भी प्रशासन कोई एक्शन लेता है या आगे भी सहकारिता का ढर्रा इसी तरह चलता रहेगा। सहकारिता अधिकारी झाबुआ मे सहकारिता के अधिनस्त कर्मचारीयो को अपनी उंगली पर जैसा चाहें वैसा नचा रहा है।

अचेत अवस्था में मिली युवती, पहुंचाया स्वास्थ केन्द्र

पन्ना। गुनौर थाना अन्तर्गत सुंगरहा मोड़ कें पास एक अज्ञात युवती अचेत अवस्था मे पाई गई। जिसकी हालत गंभीर थी तथा वह बोल भी नही पा रही थी। जिसकी सूचना लोगो द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही 108 वाहन एम्बूलेंश के माध्यम से युवती को समुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुनौर भेजा गया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफ्र किया गया। युवती की पहचान अभी तक नही हुई है। उसके पर्स मे एक पर्चा जरूर डला हुआ था जिसमे सद्गुरु विजन सेंटर का नाम उल्लेख है तथा पर्चा मे साधना कुशवाहा सारंगपुर लिखा हुआ है। आखिर उक्त युवती संबंधित स्थान पर कैसे पहुंची तथा किस कारण बेहोश हुई यह अभी पुलिस के लिए जांच का विषय है।

रेत का अवैध परिवहन करने पर दो डंपर जप्त

झाबुआ। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए इस निर्देश के पालन में खनिज अधिकारी 'धर्मेंद्र चौहान' के द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग के दल द्वारा दिनांक 14 मई 2022 शनिवार की रात में 1 बजे से अभियान चला कर झाबुआ, राणापुर और मेघनगर में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की गई।जांच मे अधिकांश वाहनों में खनिज परिवहन हेतु रॉयल्टी लेटर होना पाया गया। खनिज दल को जांच के दौरान 'कृष्णा पिता शांतिलाल बसेर निवासी राणापुर जिला झाबुआ का खनिज रेत से भरा डंपर क्रमांक 'त्श्र 03 ळ।5355' बगैर वैधानिक पारपत्र के अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन करते पाए जाने पर,मौके से जप्त कर थाना कोतवाली झाबुआ की अभिरक्षा में दिया गया। इसके साथ ही रेत का अवैध परिवहन करने पर डंपर क्रमांक 'त्श्र 03 ळ।5230 को मेघनगर में जप्त कर थाना मेघनगर की अभिरक्षा में दिया गया है। इन जब्तशुदा वाहनो पर 'मध्य प्रदेश (अवैध खनन,परिवहन और भंडारण) नियम 2022' के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। इस कार्यवाही में खनि निरीक्षक शंकर कनेश व होमगार्ड के जवान सम्मिलित रहे।

गैस उपभोक्ताओं से हो रही अवैध वसूली

मेघनगर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की गई है। ताकि आम गृहणी भी धुंए वाले चूल्हे से मुक्त हो जाये। उज्ज्वला योजना संचालित होने से ग्रामीण महिलाओं को इस समस्या से मुक्ति तो मिली किंतु 5 वर्ष होने पर ही व्यवस्था संधारण का शुल्क निर्धारित किया गया। किंतु कभी व्यवस्था संधारण तो कभी सुरक्षा के नाम हिंदुस्तान पैट्रोलियम के अंतर्गत आने वाली सुयश गैस एजेंसी मेघनगर द्वारा ग्रामीण उपभोक्ताओं , महिलाओं से 236 रुपये लिया जा रहा है। ऐसे में कई उपभोक्ता महिलाएं पुनः धुंए वाले चूल्हे को ही अब अपना रोजमर्रा का साधन बना रही है। एक तो ईंधन महंगा तो वहीं दूसरी ओर पांच वर्ष भी नहीं हुआ और चार्ज मेंडेटरी इंस्पेक्शन के नाम से 236 रुपये वसूले जा रहे हैं। जबकि इस तरह का मेंडेटरी इंस्पेक्शन का चार्ज पांच साल बाद उपभोक्ताओं के घर-घर जा कर लेना होता है और वो भी 236 की जगह 59 लेना हैं। लेकिन ऐसा न करते हुए एजेंसी द्वारा एजेंसी के बाहर ही बैठ कर मेंडेटरी इंस्पेक्शन के नाम से 236 की रसीदें काट दी जाती हैं। उपभोक्ताओं के घर जा कर गैस कनेक्शन की जाँच भी नही की गई। उपभोक्ताओं के घर जा कर 236 की रसीदें कटती हैं तो उसमें पाइप और रेग्युलेटर की जाँच करना होती है। अगर खराब हो तो उसे वही चेंज करना होता है। अगर पाइप और रेग्युलेटर सही हैं तो उपभोक्ताओं से 59 की ही रसीदें काटनी है। लेकिन जब कनेक्शन की जांच ही नहीं हुई तो किस बात का बीमा किया गया। ऐसे में ग्रामीण महिलाएं किस से गुहार लगाएं । गैस एजेंसी के संचालक से या गैस इंस्पेक्टर से । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उज्जवला योजना के तहत वितरित किये गए कनेक्शन पांच साल बाद ही ऑनलाइन चढ़ेंगे। तो अभी रसीदें कैसे कटी...? प्रदेश की शिवराज सरकार बहन भांजियों के लिए बेहतर काम कर रही है। तो फिर उन बहन भांजियों की आप बीती क्यों नहीं समझ रहे हैं शासन प्रशासन? जबकि विभागीय अधिकारियों से लेकर खाद्य अधिकारी एवं जिला कलेक्टर तक को अवगत करवाया जा चुका है किंतु अभी तक इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई । तो वहीं दूसरी और गैस एजेंसी डिस्ट्रीब्यूटर देश के सबसे बड़े हिंदू संगठन के नाम पर अपनी करतूतों को छिपाने में लगा हुआ है और हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों से पत्रकारों को फोन लगवा कर मामले को दबवाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सच तो सच ही होता सच छुपता नहीं, सच उजागर हो कर ही रहता है।

क्लेम से बचने के लिए ग्राहकों को मैंडेटरी इंस्पेक्शन की नहीं देते जानकारी:मैंडेटरी इंस्पेक्शन यानी ग्राहकों का बीमा । मैंडेटरी इंस्पेक्शन के अलावा और भी कई बातें हैं जो उपभोक्ताओं को नहीं बताई जाती हैं। एजेंसी में रजिस्टर्ड पते पर ही उपभोक्ताओं का बीमा किया जाता है और पर्ची पर सही मोबाईल नम्बर लिखना होता है। क्यों कि क्लेम लेने के लिए यह जरूरी है। जिस कंपनी का एलपीजी सिलेंडर इस्तेमाल किया जा रहा ह उसका रेग्यूलेटर भी संबंधित एजेंसी से ही लिया गया हो। साथ ही सुरक्षा पाइप,गैस लाइटर या फिर चूल्हा सभी आईएसआई मार्क वाले हों। घटिया उपकरणों की वजह से दुर्घटना होने पर कंपनी बीमा क्लेम नहीं देती है। दुर्घटना होते ही संबंधित एजेंसी और पुलिस थाने को सूचना देना भी अनिवार्य होता है। अगर दुर्घटना एलपीजी की वजह से हुई है तो संबंधित वितरक बीमा कंपनी को इसकी जानकारी देता है। लेकिन यहाँ ऐसा नहीं हुआ और न हो रहा है। एजेंसी द्वारा ऑफिस पर ही बैठ कर 236 रूपये की रसीदें काटी गई और उपभोक्ताओं को इस के तहत कोई भी जानकारी नहीं दी गई। जबकि एजेंसी द्वारा घर-घर जा जा कर समझाईश दे कर ही रसीदें काटना है। साथ ही गैस कनेक्शन को चेक करना होता है कि उपभोक्ताओं ने गैस कनेक्शन कैसे लगा रखा है,गैस टँकी कैसे रखी है। लेकिन यहाँ ऐसा नहीं हुआ और ग्राहकों को बिना समझाईश के ही ऑफिस के बाहर बैठ कर रसीदें काटी गई। जितनी भी रसीदें काटी गई उन रसीदों पर मोबाईल नम्बर भी गलत डाले गए हैं । एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं से जो 236 रुपये लिए गए हैं। उसमें ग्राहकों का सुरक्षा पाइप,रेग्यूलेटर चेंज करना है। अगर ये चेंज नहीं किया जाता है तो उन उपभोक्ताओं से मात्र 59 की रसीदें काटी जाना थी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया रक्तदान

ब्लड डोनेशन में महिलाओं की भी बढ़ रही सहभागिता

बुरहानपुर। रक्त की जरूरत कब किस इंसान को पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता। क्या पता आपके खून की कुछ बूंदे किसी जरूरतमंद की सांसों को थमने से रोक दें। गुड हॉस्पीटल में एडमिट महिला को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर जानकारी मिलते ही महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता भगत मातृ सेवा सदन ब्लड बैंक में रक्तदान के लिए पहुंचीं। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए श्रीमती भगत ने बताया कि महिलाएं भी रक्तदान करें इसके लिए जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं में एक भ्रम है कि मासिक धर्म के कारण उनके शरीर में तो वैसे ही खून की कमी हो जाती है। मासिक धर्म से रक्तदान का कोई संबंध नहीं है। महिलाएं बेझिझक रक्तदान कर सकती हैं। पुरुष हो या महिला, सभी को रक्तदान करना चाहिए। हमारे छोटे से दान से किसी की जान बच सकती है। इसलिए घर-घर रक्तदान की अलख जगानी होगी। रक्तदान से रक्त शिराओं में जमा कोलेस्ट्रॉल बाहर आ जाता है, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बेहद कम हो जाती है। सबको यह बात समझानी चाहिए कि दुनिया का कोई वैज्ञानिक खून बना नहीं सकता है। ऑक्सीजन कृत्रिम रूप से बन सकती है, रक्त नहीं। प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं। यही वजह है कि बहुत प्रयास के बावजूद बमुश्किल कम रक्त उपलब्ध हो पाता है। आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। रक्तदान विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित मराठा सेवा संघ जिलाध्यक्ष आशीष भगत ने कहा कि रक्तदान करने वालों को हर जगह मान-सम्मान मिलना चाहिए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। उन्हें विशेष सुविधाएं भी मिलनी चाहिए।

वनवासी अधिकार यात्रा का समारोहपूर्वक हुआ समापन

बिजावर। वनवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने भीषण गर्मी के बीच जन विकास संगठन के तत्वावधान व सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के नेतृत्व में साईकिल और मोटरसाइकिल से पथरीली पहाडियों और नदियों को पार करते हुए वनवासी अधिकार यात्रा निकाली गई। चार दिवसीय वनवासी अधिकार यात्रा का समापन ग्राम ढोडन् में समारोहपूर्वक हुआ। समारोह में विस्थापित 15 गांव के लोग सम्मिलित रहे। सर्वोदयी सुरेश सोनी ने पूरी यात्रा में स्वाबलंबन व स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं अमित भटनागर ने वनवासियों को उनके अधिकार व विस्थापन कानून की जानकारी दी। यात्रा में शामिल राहुल अहिरवार व हिसाबी राजपूत ने बताया कि आजादी के 75 साल बाद भी उनके गांव बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। समापन समारोह को संबोधित करते हुए पल्कोंहा सरपंच जमुना ओमर व खरयानी सरपंच प्रतिनिधि रवि मिश्रा ने भी अपनी बात रखी, यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिला। कार्यक्रम को बबलू कुशवाहा, गौरीशंकर यादव, बालकदास पटेल, जगदीश कुशवाहा, देवेंद्र आदिवासी, तुलसी आदिवासी आदि ने सम्बोधित किया।

शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नगर गौरव दिवस पर निकली नरसिंह भगवान की रथ यात्रा

नरसिंहपुर। नगर में प्रशासन द्वारा नगर गौरव दिवस का आयोजन किया गया। 3 दिन तक चले इस कार्यक्रम में विविध आयोजन संपन्न हुए। जिसमें राम धुन मंडलियों की सामूहिक फेरी, मैराथन दौड़ , चौपड़, पतंग उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम साइकिल रैली, बाइक रैली, घरों के सामने व चौराहों पर दीपप्रज्ज्वलन, भगवान नरसिंह का अभिषेक पूजन, भंडारा, महाआरती एवं दीपदान , रथ यात्रा आदि कायक्रम संपन्न हुए। भगवान नरसिंह की रथ यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर नरसिंह मंदिर में जाकर पूर्ण हुई । नरसिंहपुर के इतिहास में पहली बार नरसिंह मंदिर परिसर स्थित तालाब में मां नर्मदा की महाआरती हुई , जिसमें जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। गायिका मुस्कान चौरसिया ने प्रस्तुति दी । शोभायात्रा में सांसद कैलाश सोनी, सांसद राव उदय प्रताप सिंह, विधायक जालम सिंह पटेल, कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ डॉ सौरभ संजय सोनवणे सहित प्रशासनिक अधिकारी -कर्मचारी, नागरिक एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे । कलेक्टर रोहित सिंह ने रुचि लेकर नगर गौरव दिवस एवं नरसिंह जयंती के आयोजन को ऐतिहासिक बनाकर प्रशंसा हासिल करते हुए दिलों में जगह बनाई है। कलेक्टर रोहित सिंह द्वारा रुचि लेकर किए गए सराहनीय कार्य की चर्चा पूरे जिले में हो रही है। शोभायात्रा में अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड जबलपुर की प्रस्तुति एवं श्री शिव सम्राट बैंड नागपुर की प्रस्तुति ने धूम मचाई । रास्ते में शोभा यात्रा का जगह- जगह स्वागत किया गया।

भौरिंया से संतोषपुर सड़क के निर्माण की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सिरोंज। ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत भौरिया से संतोषपुर तक सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अनिता पटेल को एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि भौरिया से संतोषपुर लगभग 12 किमी की सड़क में निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण एजेंसी ने सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया और ना ही पीएम सड़क विभाग के अधिकारियों ने सड़क के निर्माण कार्य की मानीटरिंग की। साथ ही सड़क के नाली निर्माण में ओवर साईज की गिट्टी का उपयोग किया गया है और डामर भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य होने की आशंका व्यक्त करते हुए सीएम से उक्त निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराकर उक्त निर्माण एजेंसी का भुगतान रोकने की मांग की है। इसदौरान झार सिंह, , सोनू धाकड़ ,अनिल आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

पूर्वाचंल विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह का हुआ स्वागत

नर्मदापुरम। उत्तरप्रदेश पूर्वाचंल विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त नरेन्द्र सिंह का मुंबई जाते समय कुशीनगर एक्सप्रेस में नर्मदापुरम् में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनका मॉ नर्मदा के फोटो एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । नरेन्द्र सिंह को दोबारा उत्तरप्रदेश पूर्वाचंल विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनने पर बधाई भी दी गई और मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ का आभार व्यक्त किया गया । स्वागत करने वालों में भारतीय जनता पार्टी मछुआरा प्रकोष्ठ के मीडिया प्राभारी प्रदीप कुमार नागर,संभागीय सह कार्यालय मंत्री हंस राय,पूर्व ऐल्डरमैन मुकेश नागर,बद्री केवट,सत्या चौहान अध्यक्ष अखिल भारतीय श्रीराम सेना,रामजीवन बकोरिया,असलम भारती,लवलेश शर्मा,बृजेश चौकसे,रामबिलास,अधिवक्ता रीतेश विश्वकर्मा सहित प्रमुख कार्यकर्ता सम्मिलित हुये ।

संक्षिप्त सामाचार

दुर्घटना में युवक की हुई मौत, अस्पताल की तहरीर पर पुलिस ने किया प्रकरण कायम

सिरोज। स्थानीय थानार्गत शासकीय राजीव गांधी स्मृति अस्पताल की तहरीर पर बगरोदा व भाउखेड़ी के बीच मेन रोड पर वाहन दुर्घटना में दोपहर 12 बजे मृत हुए व्यक्ति 40 वर्षीय सिकंदरपुर थाना अहमदपुर निवासी रघुवीर राजपूत को 100 डायल वाहन से लाया गया। जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

नाबालिग से हुआ दृष्कृत्य में पुलिस ने आरोपी पर पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण किया कायम

सिरोंज। स्थानीय थानार्गत ग्राम समदपुर निवासी एक लगभग 14 वर्षीय नाबालिग के साथ ग्राम के एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है । पुलिस ने उक्त युवक पर पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण कायम कर दृष्कृत्य का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार नाबालिग 7 मई को दोपहर ढाई बजे नदी पर पानी भरने गयी थी, तभी ग्राम का शिवमोहन अहिरवार नदी के पीछे बांस के पैड़ों के पीछे छिपा था और पानी भरते समय पीछे से पकड़कर नदी में ले गया और नदी में पटककर उससे दृष्कृत्य किया गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 376,376(3) 3/4 पास्को एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर लिया गया है।

एमपी टूरिज्म के चेयरमैन गोंटिया आज आएंगे



सीधी। भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एमपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कारपोरेशन के चेयरमैन विनोद गोटिया का नगर आगमन 16 मई को प्रात: 10. 30 बजे होटल 7 इलेवन में होने जा रहा है। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान की अगुवाई में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी श्रेणी के सभी प्रकार के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात श्री गोटिया जिले के आसपास विभिन्न ग्रामों में जिले की सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन अलग-अलग स्थानों पर जाकर करेंगे और आगे आने वाले दिनों में टूरिज्म को लेकर जिले को नई सौगात देंगे। उक्त जानकारी सुरेन्द्रमणि दुबे जिला मीडिया प्रभारी भाजपा जिला सीधी मध्य प्रदेश ने दी है।

विधायक ने शुरू की नि:शुल्क भागीरथी जल सेवा

छतरपुर। भीषण गर्मी और शहर के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त जलसंकट को देखते हुए विधायक आलोक चतुर्वेदी ने नि: शुल्क भागीरथी जल सेवा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुरु कराई है। शनिवार को पानी के टैंकरों को शहर के विभिन्न हिस्सों में जलापूर्ति हेतु सागर रोड स्थित विधायक निवास खेलग्राम से रवाना किया गया। साथ ही एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जहां संपर्क करने पर पानी के टैंकर पहुंचाए जाएंगे। विधायक पुत्र नितीश चतुर्वेदी ने बताया कि उनके पिता छतरपुर विधायक अलोक चतुर्वेदी पिछले 15 वर्षों से गर्मी के मौसम में शहर के लोगों के लिए नि:शुल्क भागीरथी जल सेवा करते आ रहे हैं।

नेशनल लोक अदालत में हुआ प्रकरणों का हुआ निराकरण

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में 14 मई को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, कलेक्टर मुजीबुर्रहमान खान, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोक अदालत को एक उत्सव की भांति मनाना चाहिए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर आपसी सहमति द्वारा प्रकरणों का निपटारा कराना चाहिए। श्री मिश्र ने नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ताओं के सहयोग की प्रशंसा करते हुये कहा कि अब तक लोक अदालतों को सफल बनाने हेतु अधिवक्ताओं का अदम्य सहयोग प्राप्त हुआ है तथा वर्ष 2022 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों में अधिवक्तागण, प्रशासनिक अधिकारियों आदि से और अधिक सहयोग की अपेक्षा की है। लोक अदालत सीधी को स्मार्ट सिटी बनाने के सपने को पूरा करेगी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करना है ताकि लोग लोक अदालत में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपने प्रकरणों का त्वरित राजीनामा के द्वारा निराकरण करायें।

शादी से एक दिन पहले युवती ने की आत्महत्या

छतरपुर। शादी के एक दिन पहले युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना शनिवार को पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी रही। बताया गया है कि रविवार को मृतक युवती का विवाह था लेकिन उससे एक दिन पहले शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात ही तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवती के परिजनों ने पड़ोसी युवक पर धमकाने तथा परेशान करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पीएम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 30 बकायन मार्ग के पास रहने वाले राजेश बंशकार की 22 वर्षीय बेटी नीलू बंशकार का विवाह 15 मई को होना था। शनिवार को शादी की रस्में और मंडप था लेकिन इससे पहले शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात नीलू ने किशोर सागर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे जब वे जागे तो नीलू गायब थी। आसपास तलाश की जा रही थी इसी दौरान किशोर सागर तालाब के पास नीलू का मोबाइल पड़ा मिला तथा सुबह करीब 8 बजे किशोर सागर तालाब में ही नीलू का शव मिला। परिजनों का आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले राहुल अहिरवार द्वारा नीलू को लगातार परेशान किया जा रहा था। दो दिन पहले भी राहुल ने फोन पर तथा घर में घुसकर कट्टा दिखाते हुए धमकी दी थी कि अगर नीलू ने किसी और से शादी की तो अंजाम बुरा होगा। हालांकि लोकलाज के डर से परिजनों ने इस घटना की पुलिस में रिपोर्ट नहीं की थी। अब नीलू के परिजनों ने राहुल के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

ठेके पर चस्पा नहीं है रेट सूची नहीं दिया जा रहा बिल



लवकुशनगर। नई आबकारी नीति के मुताबिक शराब की हर दुकान पर रेट सूची चस्पा होना, दुकान के बाहर ठेकेदार तथा आबकारी अधिकारी का नंबर लिखा होना और शराब खरीदने वाले ग्राहकों को बिल दिया जाना आवश्यक है। लेकिन लवकुशनगर की शराब दुकानों पर इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शराब ठेकेदार आबकारी नियमों को ताक पर रखकर जनता से पैसे लूटने में जुटा है। पिछले दिनों एसडीएम राकेश परमार ने शराब दुकानों का निरीक्षण करते हुए हिदायत दी थी कि सभी नियमों का पालन होना चाहिए, इसके बाद भी ठेकेदार नियमों की धज्जियां उड़ाने में जुटा है। गौरतलब है कि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है, जिस कारण ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी भीमराव वैद्य का कहना है कि रेट सूची लगाना और ग्राहकों को बिल देना अनिवार्य है। मैं इंस्पेक्टर को भेजकर जांच कराता हूं। दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

छपारा नगर के सौंदर्यीकरण पर किसने लगाया ग्रहण

अभी तक नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

सिवनी/छपारा । छपारा नगर के बस स्टैंड से लेकर चमारी तिराहे तक एकमात्र मुख्य मार्ग के दोनों ओर लखनादौन अनुविभागीय दंडाधिकारी की मौजूदगी में गणमान्य नागरिकों तथा व्यापारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से 17-17 फिट पर अतिक्रमण हटाने के लिए सहमति बनी थी। लेकिन 45 दिनों बाद भी मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण तथा दोनों और ड्रेनेज सिस्टम बनाए जाने की मुहिम पर कोई पहल नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि छपारा नगर के बस स्टैंड से लेकर चमारी तिराहे तक एकमात्र मुख्य मार्ग हैं। उक्त मार्ग पर धन्ना सेठों के बड़े-बड़े आलीशान कांप्लेक्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की वजह से मुख्य मार्ग के बीचों बीच दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग हो रही है। जिसके चलते इस मार्ग पर प्रतिदिन हर 10-15 मिनट में बड़े-बड़े जाम लग रहे हैं।

एसडीएम ने ली थी बैठक : बता दें कि लखनादौन एसडीएम सिद्धार्थ जैन ने 23 मार्च को छपारा नगर परिषद के सभागार में गणमान्य नागरिकों तथा व्यापारियों सहित मीडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक ली थी। जिसमें नगर के एकमात्र मुख्य मार्ग पर चमरिया नाले पर बने नवनिर्मित पुल की चौड़ाई बराबर यानी कि कुल 34 फीट रोड चौड़ीकरण पर सहमति बनी थी। इस तरह मेन रोड के दोनों तरफ सेंटर लाइन से 17-17 फीट छोड़कर अतिक्रमण हटाया जाना था। किंतु 45 दिनों बाद भी उक्त मुहिम टांय टांय फिस्स क्यों हो गई , इसका जवाब सक्षम अधिकारी देने से बच रहे हैं।

राजनीतिक दलों की चुप्पी समझ से परे : नगर के एकमात्र सबसे व्यस्ततम और भारी यातायात वाले मार्ग पर अब तो लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। जनहित के इस पूरे मामले में सत्तारूढ़ भाजपा नेताओं की चुप्पी तो समझ में आती है क्योंकि वे अपनी ही सरकार का विरोध नहीं कर सकते और नगरीय निकाय चुनाव सिर पर हैं। लेकिन विपक्षी पार्टियों के नेता भी चुप हैं। स्थानीय जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर कभी भी कांग्रेस ने अपना विरोध उस तरह दर्ज नहीं कराया जिस तरह एक राष्ट्रीय पार्टी और विपक्ष में होने पर कराया जाना चाहिए था। नगर के एकमात्र मुख्य मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाए जाने की कारवाही को ठंडे बस्ते में डालने को लेकर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह इन दिनों सोशल मीडिया में चर्चाओं पर बने हुए हैं। चर्चाओं की मानें तो स्थानीय विधायक ने प्रशासन को सख्त लहजे में कहा है कि मेन रोड के दोनों तरफ 14- 14 फीट ही अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। सवाल इस बात का है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पर सिर्फ औपचारिकता क्यों की जा रही हैं। नगर के एकमात्र मुख्य मार्ग के दोनों तरफ नालियां पूरी तरह खत्म हो चुकी हैं और उन पर धन्ना सेठों के आलीशान कांपलेक्स खड़े हुए हैं। नगर के इस मुख्य मार्ग पर भारी यातायात का दबाव सुबह से लेकर देर रात तक बना रहता हैं।

राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह-समझौता से निराकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में माननीय न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं माननीय न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मई को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिंटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस निराकृत किये गये हैं ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी तहसील स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा जिला रायपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं नालसा थीम सांग के माध्यम से किया गया। शुभारंभ के समय कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत शराफ, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री आशिष सोनी, समस्त न्यायाधीशगण, राजस्व न्यायालय के अधिकारीगण, पक्षकारगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, उपस्थित रहे।

माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा कहा गया कि हमारी प्रतिबद्धता जनता की सेवा न्याय के माध्यम से सुनिश्चित करना है।

जिला रायपुर, जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा एवं राजिम में भी एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण निराकृत हो रहे है। इस बार विशेष रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महिला एवं बाल विकास विभाग से महिलाओं द्वारा तथा दिव्यांगजनों तथा बालिका गृह की किशोरियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। उक्त प्रदर्शनी का उद्देश्य जन जन तक यह संदेश पहुंचाना था कि, महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त करने का हमारा कर्तव्य है। उक्त प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना की गयी । कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शैल ठाकुर, एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री सोमनाथ राजपूत तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा ही कलाकृतियों का क्रय किया गया तत्पश्चात न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा पक्षकारों ने भी क्रय किया ।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पक्षकारगण तथा सैंकड़ों संख्या में आमजन का निःशुल्क जांच परीक्षण किया गया। इस अवसर पर राजीनामा करने वाले पक्षकारों को फलदार वृक्ष भी वितरण किया गया। इस बार के नेशनल लोक अदालत में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा एवं जिला कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के संयुक्त प्रयास से पक्षकारों तथा अधिवक्ताओं के लिए कलेक्टर परिसर में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गयी तथा आने वाले अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से किसी भी प्रकार का कोई पार्किंग शुल्क नहीं लिया गया।

सफल कहानी –

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय हेमंत शराफ की खण्डपीठ ने मासूम बच्ची को उनके माता पिता की गोद में देकर कराया राजीनामा

कुटुब न्यायालय की माननीय हेमंत शराफ सर की कोर्ट में पति पत्नी के मध्य भरण पोषण का मामला चल रहा था आवेदिका अपनी छोटी सी पुत्री के साथ मायके चली गयी थी। पति पत्नी के मध्य छोटी मोटी बातों को लेकर विवाद था। परंतु न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष को उनकी बेटी के भविष्य के बारे में अवगत कराकर और बच्ची को उनकी गोद में देकर राजीनामा कराया और उक्त राजीनामा का यह परिणाम हुआ कि, पति पत्नी माननीय न्यायालय का आर्शिवाद लेकर प्रेम से साथ में घर गए। उक्त खण्डपीठ में भरण पोषण हेतु प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया था जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा समझाए जाने पर दोनों पति एवं पत्नी ने आपसी राजीनामा कर हंसी खुशी से अपने घर गए।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका का अपने पति के साथ विवाद होने पर वह अपने मायके में निवास करने लगी किंतु आज माननीय न्यायालय के द्वारा समझाईश देने पर दोनों ने आपस में राजीनामा कर हंसी खुशी से अपने घर गए।

दस वर्ष चेक बाउन्स का पुराना मामला हुआ निराकृत।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री पल्लव रघुवंशी के न्यायालय में

सतनामी समाज गौरव सम्मान से नवगठित सक्ती जिले के चार प्रतिभाएं हुए सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 15 मई रविवार को सतनामी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज गौरव सम्मान एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से सतनामी समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में नवगठित सक्ती जिले से भी सतनामी समाज के प्रतिभाओं का प्रदेश स्तरीय गरिमामय मंच से सम्मान किया गया। इस मौके पर नवगठित सक्ती जिले से सामाजिक कार्यकर्ता व बहुजन मिशन के लिए समर्पित उदय मधुकर को सामाजिक जागरूकता के लिए, सतनामी समाज के सक्ती ब्लाक अध्यक्ष डा. विजय कुमार लहरे जाजंग-सक्ती को चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाओं के लिए, शिक्षक अमर सिंह जांगड़े- मसनिया कला को शिक्षा के क्षेत्र में तथा सक्ती अंचल के युवा पत्रकार हिन्दी दैनिक अमृत संदेश सक्ती जिला संवाददाता व सामाजिक कार्यकर्ता योम प्रकाश लहरे को पत्रकारिता के जरिए सामाजिक जागरूकता के लिए के लिए प्रदान किया गया है।

इन सामाजिक प्रतिभाओं का

डेंगू बुखार को अनदेखा ना करें डॉ. विमल किशोर राय

रायपुर/नवप्रदेश। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। प्रत्येक वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य लोगों में डेंगू से बचाव और अपने आसपास को स्वच्छ रखने के लिये जागरूक किया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस ''डेंगू इज प्रिवेंटिएब : लेट्स जॉइन हैंड्स की थीम पर मनाया जाएगा।

इस बारे में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.विमल किशोर राय ने बताया, ''मच्छरों के काटने से डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियां होती है। छोटी-छोटी बातें आपको मच्छर के काटने से बचा सकती है। डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के प्रति जागरूक रहकर हम इससे बच सकते हैं। डेंगू से अफ्रीका, अमेरिका, पूर्वी भू-मध्य सागर, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम प्रशांत सहित 100 से अधिक देश प्रभावित हैं। यह भारत में विशेषकर बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा मुख्य तौर पर जमे हुए साफ पानी में पैदा होता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस वक्त में काफी सतर्क रहना जरूरी होता है। पहले के मुकाबले लोगों में डेंगू की बीमारी को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। अब भी देश के अंदरूनी इलाकों में इस बीमारी के प्रति और जागरूकता फैलाने की जरूरत है। दिन में सोते समय भी मच्छरदानी लगाएं समय पर इलाज कराने पर मरीज स्वस्थ हो जाता है। डेंगू में लापरवाही भारी पड़ सकती है। शासकीय चिकित्सालयों में इसके लिए निशुल्क उपचार की व्यवस्था है।''

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष

डेंगू के लक्षण क्या है

डेंगू दो तरीके का होता है, सामान्य और गंभीर । संक्रमित होने पर इसके लक्षण 4 से 5 दिनों में दिखने लगते हैं। हल्के या सामान्य लक्षण में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों, और जोड़ों में दर्द, उल्टी, जी मचलाना, आंखों में दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना, ग्रंथियों में सूजन होना हैं। जबकि गंभीर मामले होने पर गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से रक्तस्राव, मल, मूत्र या उल्टी में खून आना, त्वचा के नीचे रक्तस्राव होना, सांस लेने में कठिनाई, थकान महसूस करना, चिड़चिड़ापन या बेचैनी हैं।

एंटोमोलॉजिस्ट कुमार सिंह कहते है, एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। यह मच्छर अफ्रीका में शुरू हुआ था। लेकिन अब दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय, और शीतोष्ण क्षेत्रों में पाया जाता है। पूरी तरह से परिपक्व एडीज एजिप्टी मच्छर का औसत जीवनकाल दो से चार सप्ताह है, लेकिन शुष्क जलवायु में, उनके अंडे एक वर्ष तक रहते हैं। इसलिए, बारिश के मौसम की शुरुआत के साथ, मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं।

क्या है डेंगू

डेंगू बुखार मच्छर जनित वायरल बीमारी है इसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते निकल आते हैं। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह वायरस 10 दिनों से अधिक समय तक जीवित नहीं रहते लेकिन लापरवाही की गई तो डेंगू रक्तस्रावी बुखार का रूप ले सकता है जिसमें भारी रक्तस्राव, ब्लड प्रेशर में अचानक गिरावट और अंत में स्थिति अत्यंत गंभीर भी हो सकती है।

डेंगू से कैसे करें बचाव

डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने न दें । कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पैदा होने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग न होने पर उसका पानी खाली कर दें। घर की छत पर रखे गमलों अन्य चीजे जिसमें पानी जमा होता है उनको खाली कर दें। इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में जमा ना होने दें।

बुद्ध पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं विस अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी बौद्ध धर्मावलम्बियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि महात्मा बुद्ध ने लोगों को अहिंसा, समानता और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उनकी शिक्षा को विदेशों में भी लागों ने अपनाया और लाखों अनुयायी उनके दिखाये मार्ग पर चल कर देश-दुनिया को शांति का संदेश दे रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि गौतम बुद्ध के उपदेश हर परिस्थिति और काल में प्रासंगिक हैं। उनकी दी गई शिक्षा हमें संयम से आगे बढ़ने का संदेश देती है। महात्मा बुद्ध के विचार और जीवन मूल्य एक बेहतर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे।

राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बुद्ध के पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध ने प्रेम, करूणा एवं अहिंसा की भावना को सर्वोपरि मानते हुए पूरे विश्व को नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आज भी भगवान बुद्ध की शिक्षा प्रासंगिक है। उन्होंने आग्रह किया कि समाज में सामाजिक सद्भाव और बंधुत्व कायम रखने के लिए भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलें।

विस् अध्यक्ष ने बुद्ध पूर्णिमा की दी बधाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी बौद्ध धर्मावलंबियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, गौतम बुद्ध के उपदेश हर परिस्थिति और काल में प्रासंगिक है। महात्मा बुद्ध ने लोगों को अहिंसा, समानता और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उनकी दी गई शिक्षा हमें संयम से आगे बढ़ने का संदेश देती है। महात्मा बुद्ध के विचार और जीवन मूल्य एक बेहतर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे।

प्रदेश की जनता की चिंता कब कीजिएगा मुख्यमंत्री जी : हुपेंडी

इ 3.5 साल बाद भी सिर्फ चिंतन और कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने राज्य सरकार के कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि प्रदेश में साढ़े तीन साल की कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री जी जनता की समस्यायों की चिंता की बजाय, अन्य राज्य में चिंतन शिविर में चिंतन कर रहे हैं।

आदिवासी हर जगह आंदोलनरत

युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान है।

मेडिकल के छात्रों के साथ कॉलेज धोखोधड़ी कर पैसे वसूल कर रहे हैं और मेडिकल के छात्र आत्मदाह को मजबूर हो रहें हैं!

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को जेल भरो आंदोलन करना पड़ रहा है, आखिर क्यों पत्रकारों की सुरक्षा को प्रदेश सरकार अनदेखा कर रहीं है।

लाखों मनरेगा कर्मचारी सरकार से छुब्ध होकर हड़ताल पर हैं।

वन कर्मचारी और अन्य विभाग के कर्मचारी आंदोलन रत हैं।

संविदा कर्मियों के आंदोलन को लाठी के बल पर दबा दिया जाता है।

बड़ा आंदोलन प्रदर्शन को दबाने आपने धरना स्थल नया रायपुर शिफ्ट करवा दिया।

मेडिकल सुविधाओं में दलालों का बोलबाला है, प्राइवेट हॉस्पिटल जनता को बेतहाशा लूट रहे हैं।

किसान नकली खाद खरीदने को मजबूर है

प्रदेश की जनता पीने के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि है

मुख्यमंत्री के खुद के प्रदेश के सर्वे में कांग्रेस के ही 36-40 विधायकों ने क्षेत्र में जनता के लिए जनहित कार्य नहीं कराये गए जिससे जनता नाराज है। मुख्यमंत्री जी हेलीकॉप्टर से अब 90 विधानसभाओं का दौरा करने निकल पड़े और कही राशन कार्ड बनवा रहे तो कही दिखावे के लिए निलंबन कर रहे है उससे जनता को कुछ हासिल नहीं हो रहा, मुख्यमंत्री जी सिर्फ उड़नखाटोले पर ही उड़ाते रहे है आप धरातल पर जाकर देखिये स्थितियाँ गंभीर है।

कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को संगीत सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संगीत कार्यक्रम का किया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रों को संगीत सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ श्री प्रांशु अरोड़ा ने 13 मई, 2022 (शुक्रवार) को कलिंगा विश्वविद्यालय में छात्रों के सामने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। कलिंगा विश्वविद्यालय के युवा प्रतिभाशाली छात्र भी उनके साथ शामिल हुए और विश्वविद्यालय के सभागार में दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

फैशन डिजाइनिंग विभाग के एचओडी श्री कपिल केलकर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ प्रॉक्टर डॉ. ए. विजयानंद थे। उन्होंने अतिथि श्री प्रांशु अरोड़ा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

देश में संगीत को जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक उत्साही युवा श्री प्रांशु अरोड़ा ने संगीत के मूल रचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए देश व्यापी अभियान शुरू किया है जो कि 100 दिनों में देश भर के 60 शहरों की यात्रा कर सम्पन्न होगा। वह लगभग 18000 किलोमीटर का सफर तय कर रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने हमारे देश के युवाओं को पांच संदेश दिए और ये संदेश हैं ''मेड इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड, फॉलो योर पैशन, एजुकेशन-रिप्लेस मार्क्स विद एक्सपीरियंस, मे बी द लव इज द ओनली आंसर और डोंट रन फॉर सक्सेस रन फॉर एक्सीलेंस''। उन्हें लगता है कि संगीत के माध्यम से दुनिया को बदला जा सकता है। युवा प्रतिभाशाली छात्रों के बीच संगीत के प्रति प्रेम की आग को प्रज्वलित करने के लिए उन्होंने कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों के सामने संगीतमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों ने अतिथि कलाकार द्वारा प्रस्तुत संगीत कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. ए विजय आनंद ने अतिथि श्री प्रांशु अरोड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अपराधियों को करें नेस्तनाबूत

करने वालों को क्रश किया जाए। उन्होंने कहा कि आज प्रातः बुलाई गई इस बैठक को एक नए उजाले के रूप में अंगीकार कर अधिकारी सार्थक भूमिका का निर्वहन करें। योग, ध्यान और शारीरिक व्यायाम, सुबह की सैर के साथ स्वस्थ रहते हुए आमजन के हित में सक्रिय रूप से सभी कार्य करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरा मुख्यमंत्री होना और आपका पद पर होना तभी सार्थक है जब हम जनसेवा पर पूरा ध्यान दें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गुना की घटना से मैं बहुत बेचैन हूँ। मेरा संकल्प है, किसी भी अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा। गुना के प्रकरण में अपराधियों के विरुद्ध ऐसी सख्त कार्रवाई होगी जो इतिहास में दर्ज होगी। शिकार करने और अन्य अपराधों को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हो। इसके लिए पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना स्तर तक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस विभाग में निरंतर समीक्षा का कार्य हो। अपराधियों को चिन्हित किया जाये। ऐसा प्रयास हो कि अपराध घटित ही न हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुछ जिलों में पुलिस द्वारा अच्छी कार्रवाई हुई है। इसके लिए संबंधित अधिकारी और स्टाफ बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा क्विक एक्शन होना चाहिए। अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराधों पर भी नजर रखें। प्रत्येक जिले में नियमित रूप से कार्य विश्लेषण किया जाए। अपराध नियंत्रण की शीघ्र ही पुनः समीक्षा की जाएगी।

राजधानी भोपाल में जलसंकट

इन इलाकों में होनी थी सप्लाई

रविवार सुबह अरेरा कॉलोनी (ई-1 से ई-5), रेलवे कॉलोनी हबीबगंज, 1100 क्वार्टर, जनता क्वार्टर, मीरा नगर, चार इमली, पंचशील नगर, प्लेटिनम प्लाजा, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, जवाहर बाल उद्यान, गिन्नौरी, मोती मस्जिद, वहीदिया टंकी, निशातपुरा, पिंजोमल टैंक, पुराना बस स्टैंड, बाल विहार, काजी कैम्प, नेहरू नगर, वैशाली नगर, कोटरा शासकीय आवास, बघीरा अपार्टमेंट, साउथ टी टी नगर, 228 क्वार्टर, अंबेडकर नगर, सरस्वती नगर, 25वीं बटालियन, गीतांजलि कॉम्पलेक्स, संजय कॉम्प्लेक्स, शाहपुरा ए, बी-सी सेक्टर, गुलमोहर, त्रिलंगा, ई-7 एक्सटेंशन, गौरा गांव, विशनखे?ी, सेवनिया गौ?, लिब?, शाहपुरा छावनी, इस्लामपुरा, नदीम रोड, लखेरापुरा इलाकों में पानी की सप्लाई होनी थी। लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हुई।

समय की कसौटी ...

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पिछले महीने श्री देउबा की भारत यात्रा के दौरान सार्थक चर्चा के बाद फिर से उनसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, हम जलविद्युत, विकास और संपर्क सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी साझा समझ को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं पवित्र मायादेवी मंदिर के दर्शन के अलावा लुंबिनी मठ क्षेत्र में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बौद्ध कल्चर एंड हेरिटेज के शिलान्यास समारोह में भी भाग लूंगा। वह नेपाल सरकार द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। श्री मोदी नेपाल सरकार के तत्वावधान में लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे।

कांग्रेस के बाद भाजपा ...

को लेकर चर्चा होगी। पांच बार से लगातार गुजरात में भाजपा की सरकार है। ऐसे में एंटी इनकंबेंसी फैक्टर से लड़ने के लिए भी तैयारी की जाएगी। वहीं बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतें और रोजगार के मुद्दों से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी।

बता दें कि गुजरात में कुल 182 विधानसभा सीटें हैं। 2017 के चुनाव में भाजपा ने 90 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार गुजरात में कांग्रेस को अहमद पटेल के बिना ही चुनाव लड़ना होगा। उनके निधन के बाद उनकी जगह किसी भी नेता का ले पाना मुश्किल है। वहीं बात करें अहमद पटेल के बेटे फैसल पटेल की तो कुछ दिनों से वह कांग्रेस पार्टी से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं।

भाकियू में दो फाड़...

जमकर आलोचना की गई। इसके बाद संठगन ने अलग गुट बनाने का फैसला किया था। उनकी कथित राजनीतिक गतिविधियों को लेकर किसानों में जबरदस्त नाराजगी भी देखने को मिली है। राकेश टिकैत के समर्थकों और विरोधियों में टकराव टालने के लिए आयोजन स्थल पर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

नवनीत का उद्धव ...

दिया। कहां काम दिया?

देवेंद्र फड़णवीस की सरकार के बाद महाराष्ट्र में बेरोजगारी 3 गुना बढ़ी है। सीएम डेटा निकाल कर देख सकते हैं। उन्होंने अपनी सभा में सिर्फ विरोधियों पर हमले किए। महाराष्ट्र की समस्याओं के समाधान को लेकर कोई विजन नहीं दिया। एक वाक्य तक नहीं बोला। पीएम मोदी का फोटो लगाकर चुनाव जीते और अब उनके खिलाफही बोल रहे हैं। लाचार सीएम की लाचार सभा में महाराष्ट्र के लिए था क्या? नवनीत राणा ने आगे कहा कि शिवसेना के एजेंडा में था औरंगाबाद का नाम औरंगजेब के नाम से हटा कर संभाजीनगर किया जाएगा। कल संभाजी राजे की जयंती थी। आपने बोल दिया कि औरंगाबाद का नाम बदलने की क्या आवश्यकता है। क्योंकि आपको मालूम है कि अगर आपने औरंगाबाद का नाम बदलने की कोशिश की तो आपके साथ वाले सपोर्ट छीन लेंगे और आप मुख्यमंत्री नहीं रह जाएंगे।

मुंडका हादसा: घेवरा ...

दिल्ली के मुंडका के पास एक इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लगने के मामले में मामला दर्ज किया गया है। श्री शर्मा ने कहा, हम हर पहलू पर नजर बनाए हुए हैं। इमारत के दस्तावेजों की जांच की जा रही है कि क्या इमारत को फायर एनओसी मिला हुआ था। श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस ने डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया है, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। इमारत से जुड़े सभी दस्तावेजों का विश्लेषण किया जाएगा। शवों की पहचान के लिए डीएनए के बचे हुए नमूने आज लिए जाएंगे।

मिशन 2023 : यूथ कांग्रेस के मालवीय पर टिकी दिग्गज नेताओं की नजर , कार्यक्रमों में बढ़ी सक्रियता

आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के टिकट से तीन बार के चुनाव लड़ चुके गोपाल इंजीनियर के भाजपा में जाने के बाद से ही 2023 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में दावेदारों के लिए अटकलों का बाजार गर्म होना शुरू हो गया है और अब शहर की जनता को इस बात का बेसब्री से इंतजार है कि अगामी 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसे मैदान में उतारती है। गौरतलब है कि कांग्रेस से एक मात्र विधायक रह चुके अजित सिंह पहले ही ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में जा चुके हैं। हाल के दिनों में तीन बार कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ चुके गोपाल इंजिनियर भी भाजपा में जा चुके हैं। वहीं एचआर परमाल और जगदीश चौहान भी कांग्रेस से टिकट मांग रहे हैं। लेकिन इनको टिकट मिलना मुश्किल दिखाई देता है। क्योंकि कमजोरी कड़ी यह है कि यह भी कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। वही डॉक्टर हेमंत वर्मा भी अपनी दावेदारी जता चुके हैं। लेकिन अनुसूचित जाति वर्ग से सीधी पैठ ना होने के कारण इन्हें थोड़ी परेशानी हो सकती है। लिहाजा ऐसे में कांग्रेस के पास विधानसभा के लिए दावेदार चुन पाना मुश्किल चुनोती दिखाई दे रही था। लेकिन बीते दिनों हुई सियासी घटनाक्रम के बाद से तेजी से राजनीतिक हलचल पैदा हुई है। जिसके चलते अब कांग्रेस के स्थानीय दिग्गज नेताओं की नजर एक युवा चेहरे पर आ टिकी है। और इस चेहरे पर अब कांग्रेस को एक नई उम्मीद की किरण नजर आ रही है। अगामी 2023 विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखा जाय तो स्थानीय दिग्गज कांग्रेस नेता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह(भगत जी),अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष विनीत सिंघी की नजर युवक कांग्रेस

मुख्यमंत्री कन्यादान कार्यक्रम 29 को पीतमपुर में

पीतमपुर। विधायक प्रतिनिधि संजय वैष्णव ने बताया कि 29 मई को पीतमपुर में संजय जलाशय रोड कॉलोनी के सामने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है । धार प्रभारी कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन डॉ प्रभु राम चौधरी ने इसकी घोषणा की। धार में आयोजित मीटिंग में कलेक्टर डॉक्टर पंकज जैन ने धार जिला प्रभारी मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को पत्र सौंपा था रविवार 29 मई को आयोजन किया जा रहा है। 55000 की राशि शासन द्वारा प्रदान की जाएगी, जिसमें से 38000 का सामान वर वधु को दिया जाएगा तथा 11000 का चेक वधु के नाम से दिया जाएगा तथा 6000 रुपए आयोजन समिति को खर्च के लिए दिए जाएंगे। संजय वैष्णव ने बताया कि पिछले दो दिनों से पोर्टल चालू हो गया है तथा आयोजन के लिए हितग्राहियों द्वारा दिए गए फार्म को पोर्टल पर लोड किया जा रहा है । 75 फार्म अभी तक लोड किए जा चुके हैं । संभावना है कि 100 से ज्यादा वर वधु का विवाह निः शुल्क कराया जाएगा । नोडल अधिकारी विजय अहिर ने बताया कि पोर्टल चालू हो जाने से आवेदन भोपाल भेजे जा रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन विभाग भोपाल इस आयोजन को करा रहा है। दहेज में दिए जाने वाले सामान का टेंडर भी जारी किया जाएगा ।19 मई फार्म जमा करने की अंतिम तारीख है। इसके बाद 10 दिन तक फार्म की जांच होगी। धार जिलाधीश डॉक्टर पंकज जैन पूरे कार्यक्रम की मानिटरिंग कर रहे हैं। भाजपा पीतमपुर में कार्यकर्ता अशोक पटेल, देवेंद्र पटेल, अमृत जैन, इस्लाम पटेल, पिंटू जायसवाल आदि कई वरिष्ठों को लेकर के मुख्यमंत्री कन्यादान योजना कमेटी बनाई गई है, पूरा प्रशासन सक्रिय है। शासन के आदेशानुसार सारी सुविधाएं जुटाई जा रही है। कई सामाजिक संस्थाएं भी आगे आ रही हैं। सामाजिक संस्था आराधना एवं जयसवाल समाज पटेल समाज ,नायता पटेल ,जैन समाज ,व्यापारी वर्ग, सहयोग कर रहा है । सबके सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा ।

निकाय चुनाव के लिये टिकट के दावेदार हुए सक्रिय

पीतमपुर। पीतमपुर नगर पालिका परिषद चुनाव को लेकर के सभी पार्षद तथा वरिष्ठ जन सक्रिय हो चुके है। भाजपा संगठन की ओर से भोपाल में 13 मई को आयुक्त को लिखित में दिया जा चुका है। अध्यादेश के माध्यम से नगरीय निकाय चुनाव अध्यक्ष महापौर के सीधे मतदान से होंगे । शीघ्र ही घोषणा होने की संभावना बनी है। पीतमपुर में भाजपा की ओर से 10 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में बताएं जा रहे हैं । जून में अगर चुनाव होते हैं तो नगर परिषद पीतमपुर का कार्यकाल 6 माह का और शेष रहेगा। शासन को नगर परिषद भंग करना पड़ेगी क्योंकि फरवरी 2023 तक नगर परिषद पीतमपुर का कार्यकाल है ।सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव की आहट हो चुकी है। कई उम्मीदवार गणेश परिक्रमा लगाना शुरू कर चुके हैं। पीथमपुर नगर अध्यक्ष गणेश जायसवाल ने बताया कि चुनाव शीघ्र ही होंगे इनमें पार्षद पूर्व पार्षद पैराशूट से उतरे हुए अन्य दलों के नेता भी शामिल है।

गांवों में बिक रहा गांजा, सट्टे- जुए का जोर, पुलिस ले ऐक्शन

पुलिस चौकी करताना अंतर्गत जमकर चल रहे अवैध धंधे

हरदा। टिमरनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी करताना के अंतर्गत अवैध धंधे जमकर चल रहे हैं। पुलिस चौकी के सामने से दिन रात रेत ट्रैक्टर ट्राली से अवैध परिवहन हो रहा है। गंजाल एवं नर्मदा नदी से ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से अवैध उत्खनन कर दिन रात अवैध परिवहन किया जा रहा है। वहीं करताना क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अवैध धंधे करने वाले फल फूल रहे हैं क्षेत्र में गांव गांव अवैध रूप से गांजा बिक रहा है। जुआ सट्टा की भरमार है। विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि सारे अवैध धंधे पुलिस चौकी करताना की मिलीभगत से संचालित किए जा रहे हैं।

विकासखंड में मां नर्मदा के अंदर पानी से रेत निकालने का कारोबार बंद होता नजर नहीं आ रहा है। मजदूरों द्वारा पानी के अंदर से रेत निकाल कर घाट पर ढेर लगाया जा रहा है और उस अवैध रेत को टैक्टर टाली के माध्यम से ढोने का काम चल रहा है। उसी तरह का कारोबार नर्मदा नदी के तटों पर होता दिखाई देने लगा है। यहा पर भी दिनदहाडे किश्ती से पानी के अंदर से रेत लाकर घाटों पर रेत का ढेर लगाया जा रहा है। यह रेत टैक्टर ट्राली से ले जाई जा रही है। लेकिन कोई कारवाई नहीं हो रही है। गोदागांव गंगेश्वरी के नाव घाट पर रेत के ढेर लगे हुए हैं। नर्मदा किनारे स्थित घाटों पर अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। लेकिन प्रशासन नाम मात्र की कारवाई कर औपचारिकता निभा लेते हैं। लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कोई कारवाई करते हुए दिखाई नहीं देते हैं। छिपानेर में तो नर्मदा के अंदर पानी में से रेत निकालने वाली कई किश्ती चलती हुई दिखाई देती है। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले छिपानेर गोदागाव एवं गंजाल किनारे के घाट पर भी मजदूरों द्वारा किश्ती के माध्यम से बीच नर्मदा में जाकर पानी के अंदर से अवैध रेत निकाली जा रही है। रेत किश्ती के माध्यम से पानी के अंदर से निकालकर सामने दूसरे जिले में आने वाले नर्मदा के घाटों में लेकर ढेर लगाया जा रहा है। जिसे टैक्टर टाली से ले जाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि नाव घाट पर भी अवैध रेत का कारोबार जमकर चल रहा है। नर्मदा किनारे के गांवों में अवैध रेत का ढेर लगा हुआ है। पानी से रेत निकालने पर जलीय जीवों पर भी संकट मंडराने लगा है। कई घाटों पर जलीय जीव मरते देखे जा सकते हैं। इसके बाद भी विभाग कार्रवाई करने से बच रहा है। चोरी की रेत भी मनमाने दाम पर बेची जा रही है। इससे रेत माफिया बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं।

जनता और शासन को हो रहे नुकसान की चिंता किसी को नहीं है। यही कारण है कि विभाग माफियाओं पर कार्रवाई करने से बच रहा है।

शहीद आरक्षक स्व. संतराम मीणा पंचतत्व में हुए विलीन

श्योपुर। गुना जिले में मुठभेड के दौरान शहीद हुए श्योपुर जिले की वीरपुर तहसील के ग्राम गोहर निवासी आरक्षक स्व. संतराम मीणा पंचतत्व में विलीन हो गये। शाम को ग्राम गोहर में राजकीय सम्मान के साथ उनकी अत्येष्टि की गई। इस अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। मुखाग्नि उनके छोटे भाई रामकृष्ण मीणा ने दी। राष्ट्रीय ध्वज में लिपटी शहीद आरक्षक स्व. संतराम मीणा की पार्थिव देह पर उनकी पत्नी श्रीमती वर्षा रावत द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने वीर शहीद पति को अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सीताराम आदिवासी, एडीजी चंबल रेंज राजेश चावला, कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे, एसडीएम विजयपुर नीरज शर्मा सहित बडी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रृद्धाजंलि दी गई। श्योपुर जिले की वीरपुर तहसील के ग्राम गोहर में श्री निवास रावत (पिता) एवं श्रीमती विद्या रावत (माता) के घर जन्में शहीद आरक्षक स्व. संतराम मीणा 6 भाई-बहनों में 5वें नंबर की संतान थे। 31 साल के शहीद आरक्षक स्व. श्री संतराम मीणा का विवाह दो वर्ष पूर्व मुरैना जिले की सबलगढ तहसील के पुलौली ग्राम निवासी श्रीमती वर्षा रावत के साथ

सार संक्षिप्त

गोयल की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर

श्योपुर। नारायण प्रसाद जी गोयल एंव महेशचन्द गोयल ढोढर वालों द्वारा स्वः सेठ मथुरा लाल गोयल ढोढर वालों की पुण्य स्मृति के अवसर पर बाईपास रोड हैवी मशीनरी टीनशेड पर राहगीरों के लिये इस भीषण गर्मी के समय शीतल जल पीने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। जिसका शुभारंभ आशीष विक्की जाट द्वारा फीता काट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित होकर इस मानवीय एंव ईश्वरीय कार्य के लिये गोयल परिवार ढोढर वालों को शुभकामनाएं प्रदान की गईं । साथ ही उनके इस मानवीय कार्य का अनुसरण अन्य नागरिकों को भी करने की आवश्यकता बताई गई। इस दौरान विशेष रुप से राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल,धीरज गर्ग, राजकुमार अमरु, ईश्वरजाट,सोनू सहित ढोढर वालों गोयल परिवार के परिजन आदि मौजूद थे

पेड़ से टकरा कर पलटी कार , एक की मौत

सिलवानी। रविवार की सुबह राजमार्ग 15 सिलवानी सागर पर नकटी नदी के पास सिलवानी से सियरमऊ की ओर जा रही कार पेड़ से टकरा कर जंगल में पलट गई। जिससे कार में सवार एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमार्ग 15 पर लालघाटी के ऊपर, नकटी नदी के पास सिलवानी की ओर जा रही मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सीएक्स 9551 एक पेड़ से टकरा कर पलट गई जिसमें एक महिला शिक्षिका की मौत हो गई। श्रीमती अनीमा खेस्स शासकीय कन्या प्राथमिक शाला प्रतापगढ़ में पदस्थ थीं। 2 दिन की छुट्टी होने के कारण वह अपने गांव जा रही थी। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है जिनका सिविल हास्पिटल सिलवानी में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रिफर किया गया है। कार में 5 लोग सवार थे। 3 को मामूली चोटे आई है। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई है। सिलवानी पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

विधायक कृष्णा गौर ने किया भूमिपूजन

भोपाल। गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने राजधानी के वार्ड क्र. 68 में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की स्मृति में उनकी मूर्ति स्थापना कार्य का भूमिपूजन

किया। इसके साथ ही उन्होंने 'के' सेक्टर में पार्क सौंदर्यीकरण, जैन मंदिर के सामने नाली निर्माण कार्य आदि का भी भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री भीकम सिंह, मंडल अध्यक्ष छोटू पंडित, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम यादव, समाजसेवी बलवंत सिंह रघुवंशी, शंभूनाथ शुक्ला, उर्मिला मौर्य, सविता ठाकुर, शिरोमणि शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

251 कुंडीय महायज्ञ के लिए होगा झंडा स्थापित

गंजबासौदा। हथोड़ा से ग्राम सिरावदा में स्थापित किया जाएगा जिसमें संत राम मनोहर दास, आचार्य संतोष शास्त्री विदिशा वाले एवं मुन्ना लाल शास्त्री, अरविंद अवस्थी के माध्यम से पूजन अर्चना की जाएगी। शाम 5 बजे से ग्राम हथोड़ा से ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। बालाजी महाराज के विशेष कृपा पात्र पंडित राजा महाराज के माध्यम से 251 कुंडी महायज्ञ 2023 में किया जाएगा जिसका झंडा स्थापित किया जाएगा।

निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

गंजबासौदा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के तत्वावधान में दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें निर्धन असहाय नेत्र रोगियों के लिए मोतियाबिंद एवं अन्य जांचों के लिए नेत्र शिविर के कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, सुरेश कुमार तनवानी, हरिसिंह ठाकुर , सत्यपाल तनवानी,महेंद्र सिंह ठाकुर फौजी ,राम गोपाल गुप्ता, जितेंद्र सिंह दांगी ,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, विनीत अरोरा, चंद्रकुमार तारण, चंद्रशेखर ताम्रकार, हेमंत राय ,सुरेश ताम्रकार, तेज नारायण श्रीवास्तव , हरीश माहेश्वरी, लक्ष्मी शर्मा, सीमा राजपूत, संतोष शर्मा देवी लाल कुशवाह एवं रामबाबू दुबे ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ से पधारे हुए डॉक्टर उर्वशी मनवानी डॉ, शालिनी निंबालकर एवं कैंप इंचार्ज रमेश केसवानी का पुष्प मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। शिविर में डॉक्टर एवं कैंप इंचार्ज ने 104 मरीजों की जांच की तथा मोतियाबिंद के 18 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए सेवा सदन आई हॉस्पिटल ले जाया गया एवं 56नेत्र रोगियों को जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। वही 30 नेत्र रोगियों के लिए चश्मो के लिए सलाह दी गई।

बीच सड़क पर गड्ढा, दिनों-दिन बढ़ रहा आकार,लोग परेशान

अशोकनगर। राणा शशिन्द्र चौराहा से तुलसी सरोवर पार्क की ओर जाने वाले मार्ग पर बेस्ट बियर के पास गड्ढा हो गया है। सड़क के बीचों-बीच हुआ यह गड्ढा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। इस कारण लोगों को आवागमन में



काफी परेशानी हो रही है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से उपसंचालक कृषि कल्याण विभाग, आरईएस, नवीन विश्रामगृह, सीएमएचओ कार्यालय सहित कई शासकीय कार्यालय स्थित हैं। इसके अलावा आंवरी, पलकाटोरी आदि गांवों के लिए भी यहां से रास्ता है इस कारण यह मार्ग दिनभर व्यस्त रहता है। पूर्व में जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक को सड़क के दुरुस्तीकरण के लिए चेता चुके हैं।

श्री तोमर ने महाप्रबंधक जीके पाण्डे को माला पहनाकर गांधीगिरी के माध्यम से सड़क के सुधार के निर्देश दिए थे। इस बात को करीब आठ-दस माह हो चुके हैं लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है।

शहीद एसआई जाटव के घर पहुंचे आईजी वर्मा, परिजनों को दी सांत्वना

अशोकनगर। गुना जिले में शिकारियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए एसआई राजकुमार जाटव को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार को दिनभर लोगों का उनके घर पर पहुंचना लगा रहा। इसके अतिरिक्त एसआई जाटव से जुड़ी तमाम बातों के बारे में शहर में दिनभर चर्चा होती रही। सत्यम आर्ट द्वारा रंगोली बनाकर शहीद को याद किया जाएगा। ग्वालियर रेंज के आईजी श्रीनिवास वर्मा सुबह करीब 10 बजे शहीद एसआई राजकुमार जाटव के घर पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। साथ ही परिजनों को सांत्वना प्रदान करते हुए उनसे चर्चा की। इस दौरान शहीद के माता-पिता, पत्नी, भाई आदि परिजन उपस्थित थे। अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष अजयप्रताप सिंह यादव भी शहीद के घर पहुंचे एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया। शिकारियों से मुठभेड़ में शहीद हुए तीनों पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी पार्क पर सोमवार की रात्रि 8 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बताया गया कि कैण्डिल जलाकर शहीद राजकुमार जाटव, नीरज भार्गव और संतराम को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिन्होंने फर्ज के मार्ग पर चलते हुए कुर्बानी दी है। वहीं सत्यम आर्ट द्वारा भी गांधी पार्क पर शहीदों की याद में रंगोली बनाई जाएगी।

नरवाई से 100 एकड़ क्षेत्र में फैली आग मकान, दुकान और ट्रक भी जला

रीवा। जिले के गोविंदगढ़ क्षेत्र में नरवाई से लगी आग ने उग्र रूप धारण कर लिया है। जिससे तकरीबन 100 एकड़ क्षेत्र में आग फैल गई है। बढ़ती आग से न सिर्फ भारी तबाही हो रही है बल्कि आग का रूख देखकर ग्रामीणों में भगदड़ की स्थित निर्मित हो गई। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना प्रशासन को भी दी है। मौके पर दमकल वाहन से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण बोरबेल आदि की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे है।

इस तरह का हुआ नुकसान

बताया जा रहा है कि गोविन्दगढ़ थाना क्षेत्र के नकटा गांव में कारगिल चौराहे के पास से लगी आग की जद में मकान, दुकान के साथ ही एक ट्रक भी आ गया और धू-धू कर जल गया है। तो वही हरे पेड़ भी आग की जद में आने से जलने के साथ ही खलिहानों में रखी फसल एवं भूसें में आग फैल रही है । खबरों के अनुसार नकटा गांव के कारगिल चौराहे के पास नरवाई में आग लगाई गई थी। यह आग देखते-ही-देखते विकराल रूप धारण कर लिया। गर्म हवाएं चलने के कारण आग लगातार आसपास के क्षेत्र में न सिर्फ फैल गई बल्कि तकरीबन 100 एकड़ क्षेत्र में आग लगी है। ग्रामीणो का कहना है कि आग लगातार बढ़ रही है और नजदीक अमिरती और हर्दी गांव तक आग पहुच गई है। ज्ञात हो कि किसान खेतों की सफाई करने के लिए इन दिनों नरवाई में आग लगा रहे है। तो वही खेतों में सूखी नरवाई और तापमान ज्यादा होने के साथ ही हवा चलने से आग तेजी के साथ फैल रही है। यह आग काफी नुकसान पहुचा रही है। बहरहाल ग्रामीणो ने प्रशासन को सूचना दी है और प्रशासन की जांच के बाद घटना की पूरी सच्चाई सामने आएगी।

जिला बदर के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

रीवा। रीवा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश नीरज शाहू पिता मुन्ना लाल साहू निवासी कटरा तलैया थाना सिटी कोतवाली रीवा का जो जिला रीवा दंडाधिकारी द्वारा दिनांक 03.11.2021 को जिला से निष्कासित किया गया था जो बिना अनुमति लिए अपने घर में छुपकर रह रहा था और अपराधियों को बढ़ावा दे रहा था जिसे कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 456/2022 धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम का अपराध कायम कर पेश न्यायालय किया गया द्य आरोपी एक कुख्यात किस्म का आरोपी है जो हर वक्त किसी भी तरह की घटना करने के फिराक में रहा है जिस कारण आरोपी का जिला बदर किया गया था जिसके खिलाफ थाना कोतवाली में 15 से अधिक अपराध पंजीबद्ध है।

बहनों के सहयोग बिना हर बदलाव है अधूरा : श्रद्धा

आदिवासियों का पलायन रोकने के लिये उन्हें मिले भूमि पर मालिकाना हक : रनसिंह परमार

श्योपुर । महात्मा गांधी सेवा आश्रम पर जिले के कराहल ब्लाक के 30 गावों के 60 चुने हुये मुखियाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रार्थना सभा कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में परिचय एवं स्वागत भाषण के तहत महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन ने बताया कि हम हमेशा दूसरों की तरफ देखते रहते हैं और हमेशा यह देखते हैं कि हमारी समस्या का समाधान कोई आकर के करेगा। हम सब ग्रामीण मुखियाओं को यह तय करना होगा कि अपनी समस्याओं के समाधान लिए हमें खुद आगे आकर पूरी समझ के साथ काम करना होगा तथा गांव-गांव में पढ़े-लिखे नौजवानों को आगे लाना होगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रन सिंह परमार ने कहा कि भूमि पर मालिकाना हक मिले बिना सहरिया का पलायन रोक पाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि जब तक अंतिम व्यक्ति का भूमि अधिकार सुरक्षित नहीं होगा तब तक वह अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकता। इसलिए हमें सबसे पहले हमारे भूमि अधिकारों को सुरक्षित करना होगा चाहे वह राजस्व भूमि हो या वन भूमि हो हमें अपनी धरती माता को बचाना है और उसके द्वारा ही हमें अपने जडों को मजबूत बनाना है। जड़ मजबूती हेतु भूमि अधिकार बहुत जरूरी है। समुदाय बैठक कर हमें समाज को संगठित कर अपने हक अधिकार को प्राप्त करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकता परिषद की उपाध्यक्ष श्रद्धा बहन ने अपने उद्बोधन में नारा लगाया कि- बहनों के सहयोग बिना हर बदलाव अधूरा है । उन्होंने आगे कहा कि भूमि अधिकारों को प्राप्त करने के लिए हम बहनों को भी आगे लाना पड़ेगा और नौजवानों को भी आगे आना होगा। गांव-गांव में हमें बहनों को और पढ़े-लिखे नौजवानों को प्रशिक्षित करना होगा।

मऊगंज थाना प्रभारी पर एक बार फिर लगे मारपीट, वायर जलाने के गंभीर आरोप

रीवा

जिले के मऊगंज थाना अंतर्गत अभी बीते 1 माह पहले पहले निलेश वर्मा के ऊपर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा बनाया गया। बता दें मौजूदा समय मे मऊगंज थाना प्रभारी अपने स्वार्थ सिद्धि और कुर्सी में बने रहने के लिए सारी सीमा पार कर दी हैं । इन सब मामलों को लेकर अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष प्रभा सोहगौरा, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी, देवती साकेत, नीलेश की बहन बेबी वर्मा सविता केवट के साथ ,पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन से मिलकर ज्ञापन दिया और कहा कि पुलिस की अराजक कार्यशैली और बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। जिस पर नवनीत भसीन एसपी रीवा के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उसके ऊपर कार्यवाही की जाएगी। बता दें मऊगंज थाना प्रभारी मनमानी और अराजक कार्यशैली के चलते ही गम्भीर आरोपो में घिरी होने से शाहपुर थाना से पुलिस लाइन भेजी गई। उसके बाद इन्हें मऊगंज थाना की कमान सौंपी गई जहां पर बेहतर पुलिसिंग के लिए निरंतर सक्रिय संवेदनशील पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन की शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए चलाई जा रही मुहिम का वास्तविक पालन न

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com